

दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अवगत कराते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 99 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"सही कर्म वह नहीं है जिसके परिणाम हमेशा सही हो बल्कि सही कर्म वह है जिसका उद्देश्य कभी भी गलत ना हो।"
-भागवद् गीता

## मन की बात



"तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता।"
-स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# डीएमके-कांग्रेस के पास करप्शन का कॉपीराइट: प्रधानमंत्री मोदी

= डीएमके-कांग्रेस जैसी 'फैमिली' पार्टियों का एजेंडा रहता है कि किसी भी तरह झूठ बोलकर सरकार में बने रहो'

**साधा निशाना**

8 हर कोई कह रहा है कि डीएमके की विदाई भाजपा और एनडीए के द्वारा ही होगी: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार (10 अप्रैल) को तमिलनाडु पहुंचे। यहां उन्होंने वेल्लोर और कोयंबटूर के मेट्टुपालयम में जनसभा की। मेट्टुपालयम में उन्होंने कहा कि आज मैं देख रहा हूं कि पूरे तमिलनाडु में भाजपा ही छाई हुई है। हर कोई कह रहा है कि डीएमके की विदाई भाजपा और एनडीए के द्वारा ही होगी। उन्होंने आगे कहा कि डीएमके और कांग्रेस जैसी 'फैमिली' पार्टियों का एक ही एजेंडा रहता है कि किसी भी तरह झूठ बोलकर सरकार में बने रहो। कांग्रेस ने इतने दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबी नहीं हटी। ये एनडीए सरकार है जिसने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। पूरी फैमिली मिलकर तमिलनाडु को लूटने का काम कर रही है। पार्टी एक फैमिली की कंपनी बन गई है। इन्होंने एंटी-तमिल कल्चर को भी बढ़ावा दिया है।

**डीएमके अहंकार में डूबी हुई पार्टी:** पीएम मोदी ने कहा कि डीएमके अहंकार में डूबी हुई पार्टी है। जब उनके एक नेता से हमारे युवा नेता अन्नामलाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अहंकार में कहा- अन्नामलाई, वह कौन हैं? और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। यह अहंकार तमिलनाडु की महान संस्कृति के खिलाफ है। तमिलनाडु के लोग इस अहंकार को कभी पसंद नहीं करेंगे।

**डीएमके ने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया:** पीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण होता है, ये लोग उसका भी विरोध करते हैं। मैं तमिलनाडु में भगवान राम से जुड़े स्थानों पर आता हूं, इन्हें उससे भी तकलीफ होती है। ये लोग तो सनातन धर्म को समाप्त करने की धमकी दे रहे हैं। नए संसद भवन में तमिलनाडु की संस्कृति से जुड़े पवित्र सेंगोल की स्थापना होती है, डीएमके उसका बहिष्कार करती है।

**2014 के पहले भारत की इकोनॉमी बहुत खराब थी:** 2014 के पहले भारत को हमारी इकॉनॉमी बहुत कमजोर थी। देश में केवल स्कैम की खबरें आती थीं। भारत के बारे में बहुत बुरा कहा जाता था। भारत की इकोनॉमी कभी भी फेल हो सकती थी, लेकिन अब वही भारत दुनिया की बड़ी शक्ति के रूप में उभरा है। इसमें तमिलनाडु की बड़ी भूमिका रही है।

**एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के लोगों के लिए विकास किया:** एनडीए सरकार वेल्लोर के लोगों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। वेल्लोर का एयरपोर्ट जल्द ही पूरा हो जाएगा।

### पूरे राज्य में लूट का खेल चल रहा है: पीएम

पीएम ने कहा कि अभी खुलासा हुआ है सैंड स्मगलर्स ने 2 साल में राज्य का 4600 करोड़ रुपए का लॉस किया है। पूरे राज्य में लूट का खेल चल रहा है। हम केंद्र सरकार से राज्य के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपए भेजते हैं। ये पैसा डीएमके के करप्शन के भेंट चढ़ जाता है।

**राज्य के स्कूलों में ड्रग्स कारोबारी:** डीएमके ने राज्य के भविष्य और छोटे बच्चों को नहीं छोड़ा। स्कूल में भी ड्रग्स कारोबारी हैं। एनसीबी ने जिस ड्रग लॉर्ड को गिरफ्तार किया है। उसके संबंध स्टालिन फैमिली से है। इन चुनाव में तमिलनाडु की जनता डीएमके के पापों का हिसाब करेगी।

**डीएमके ने एंटी-तमिल कल्चर को बढ़ावा दिया:** मोदी ने कहा कि डीएमके के पास करप्शन का कॉपीराइट है। पूरी फैमिली मिलकर तमिलनाडु को लूटने का काम कर रही है। पार्टी एक फैमिली की कंपनी बन गई है।

# '2024 के चुनाव के बाद सपा समाप्त हो जाएगी'

'कांग्रेस के बारे में लोग पूछेंगे कौन कांग्रेस'



**टीम एक्शन इंडिया**

**बुलंदशहर:** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जहांगीराबाद स्थित अनाज मंडी में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। राजनाथ सिंह ने कहा भाजपा जो कहती है वह करती है। हमने अपने घोषणापत्र में देश की जनता से वादा किया था वह पूरा कर दिया। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो सका है। इससे पहले भाजपा नेताओं ने रक्षामंत्री का जोरदार स्वागत किया। रक्षा मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को अभिवादन किया। रक्षामंत्री ने कहा '2014 में हमें जनादेश मिला और 2019 में जनता ने और बढ़-चढ़कर आशीर्वाद दिया। जनता की इच्छा के अनुरूप भारत के मस्तक को विश्व में ऊंचा करने का काम मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। 2024 के चुनाव के बाद सपा समाप्त हो जाएगी और कांग्रेस के बारे में लोग पूछेंगे कौन कांग्रेस?

**तंज कसा**

8 भाजपा जो कहती है वह करती है। हमने अपने घोषणापत्र में देश की जनता से वादा किया था वह पूरा कर दिया


# सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाला केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी संस्थापक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इससे पहले केजरीवाल दिल्ली हाई कोर्ट में गुहार लगा चुके हैं। 09 अप्रैल को हाई कोर्ट जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि यह याचिका जमानत याचिका नहीं है बल्कि इसमें गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट ने कहा था कि जब भी किसी आरोपित को सरकारी गवाह बनाया जाता है तो वे न्यायिक अधिकारी का काम होता है न कि जांच एजेंसी ईडी का। किसने किस पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए पैसा दिया ये कोर्ट को तय नहीं करना है। इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में किसने किस पार्टी को पैसा दिया ये कोर्ट को विचार नहीं करना है। केजरीवाल चाहें तो गवाहों का क्रास-एग्जामिनेशन कर सकते हैं।



# पूरा देश पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास दिखाएगा: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** राजस्थान के बीकानेर में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हर कोई जानता है कि इस चुनाव में देश पीएम मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास दिखाएगा। अगर आप योजनाओं पर नजर डालें तो पीएम मोदी की गारंटी ने पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में नीतियों का एक रिकॉर्ड बनाया है। हमें विश्वास है कि देश इन गारंटियों को आगे बढ़ाने में हमारा समर्थन करेगा।

उन्होंने आगे कहा कि पहले, भारत सीमा पार से आतंकवाद को सहन करता था। वह समय अब खत्म हो गया है। 26/11 को मुंबई में जो हुआ वह पीएम मोदी के तहत देश में कभी नहीं हुआ। किसी भी आतंकवादी हमले पर हमारी प्रतिक्रिया बालाकोट और उरी जैसी ही होती है।

# यूपी: रीता बहुगुणा का टिकट कटा




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी है। सूची में नौ उम्मीदवारों का एलान कर दिया गया है। सूची में चंडीगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश की सात और पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार का एलान किया गया है।

**किरण खेर का टिकट कटा:** चंडीगढ़ से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काट दिया गया है। यहां से उनकी जगह पार्टी ने संजय टंडन पर भरोसा जताया है। टंडन चंडीगढ़ भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा आसनसोल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां से पहले पार्टी ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को टिकट दिया था। टिकट मिलने के 24 घंटे के अंदर ही पवन सिंह ने चुनावी मैदान से कदम पीछे खींच लिए थे। अहलूवालिया का मुकाबला टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की बर्धमान दुर्गापुर सीट से जीते थे। भाजपा ने इस बार यहां से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को टिकट दिया है।

**यूपी के सात उम्मीदवारों का एलान:** सूची में सात उम्मीदवार उत्तर प्रदेश के हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ जयवीर सिंह भाजपा उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा बलिया से पार्टी ने नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया है। शेखर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे हैं।

# सपा ने जारी किया घोषणापत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया पेज से सुझाव मांगे थे। इन्हीं सुझाव के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया। लोगों के सुझाव के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट बनाया है। जनता के मांगपत्र के रूप में सोशल मीडिया पर जानकारी हासिल की। सभी ने समय-समय पर हमें अपने सुझाव दिए। सभी का संकलन है। उन्होंने कहा कि जनता का मांगपत्र हमारा अधिकार है। मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि "हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को 'जनता का मांग पत्र - हमारा अधिकार' नाम दिया है। देश के विकास के लिए सामाजिक न्याय का अधिकार आवश्यक है।

# मंत्री राजकुमार आनंद ने 'आप' से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। राजकुमार आनंद पर ईडी का छापा पड़ा था। राजकुमार आनंद के घर पर छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई थी। राजकुमार आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे। इस्तीफे पर राजकुमार आनंद ने कहा 'दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कनेक्शन इसलिए हुआ, क्योंकि उन्होंने कहा था कि राजनीति बदलेगी तो देश बदलेगा...आज राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनेता बदल गए हैं। मैंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है।' उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए हुआ था, लेकिन आज पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है। मेरे लिए मंत्री पद पर काम करना मुश्किल हो गया है। मैंने मंत्री पद से और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

**आप को झटका**

8 सीएम ने कहा था कि राजनीति बदलेगी तो देश बदलेगा...आज राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनेता बदल गए

# आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करे बच्चे, घबराएं नहीं : मुख्यमंत्री सुक्खू



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बच्चे आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करें, घबराएं नहीं। पढ़ाई करते समय कभी घबराहट नहीं होनी चाहिए। बच्चे पूरा दिन मोबाइल न देखें, पढ़ाई का समय निश्चित कर रोजाना कम से कम दो घंटे जरूर पढ़ें। सफलता और असफलता एक सिक्के के दो पहलू हैं। एक दरवाजा बंद होता है तो दूसरा खुलता है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को ये बातें त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जोलसप्पड़ में स्वच्छता अभियान पर आधारित पत्रिका के विमोचन कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई लग्न के साथ करें अवश्य सफलता मिलेगी। प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार ला रही है। डाटा आधार शिक्षा पर बल दिया जा रहा है। अब प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा हो गई है। डाटा साइंस, डाटा लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का जमाना आ गया है। सरकार ने आईटीआई में ये कोर्स शुरू भी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 महीने पहले जब हमारी सरकार बनी तो शिक्षा पर प्रेजेंटेशन में पाया कि गुणात्मक शिक्षा में प्रदेश काफी पिछड़ गया है।




# भाजपा के सत्ता संभालने से पूर्व था निराशा का माहौल, हमने किया व्यवस्था परिवर्तन: मनोहर

## बिना पर्ची, बिना खर्ची 1.30 लाख बेरोजगारों को दी नौकरियां, पूर्व मुख्यमंत्री ने रणजीत सिंह के समर्थन में कैमरी में किया विजय संकल्प रैली



**संकल्प रैली**

**मोदी ने ऐसा ही खास किया, जिसकी बदौलत जनता ने उन्हें दो प्रधान सत्ता सौंपी, तीसरी बार सत्ता सौंपने की तैयारी जनता ने कर रखी है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हमने लगभग साढ़े नौ वर्ष के दौरान प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करके जनता को साफ व स्वच्छ प्रशासन दिया है। इससे पहले सब कुछ पुराने ढ़र्रे पर चल रहा था और जब हमने वर्ष 2014 में सत्ता संभाली तो प्रदेश में निराशा का माहौल था। वे बुधवार को निकटवर्ती गांव कैमरी में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के शासन संभालने के बाद हमने प्रयास किया कि व्यवस्था बदलकर जनता को स्वच्छ शासन व प्रशासन दिया जाए। इससे पहले जनता में निराशा का माहौल था। जनता मान चुकी थी कि यदि हमें कोई काम करवाना है तो उस काम के हिसाब से अधिकारी या कर्मचारी को पैसे देने ही होंगे, तभी काम होगा लेकिन हमने उस धारणा को खत्म कर दिया। इससे पहले सब कुछ पुराने ढ़र्रे पर चल रहा था और जब ढ़र्रा पुराना हो जाता है तो उसे बदलना ही ठीक रहता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले के शासनकाल में हर तरह की नौकरी के रेट तय थे, हर काम के रेट तय थे लेकिन हमने इस व्यवस्था को भी बदला। हमारे शासनकाल में 1.30 लाख बेरोजगारों को नौकरियां दी गई लेकिन कोई नहीं कह सकता कि किसी ने नौकरी के बदले पैसे लिए हैं। हमने बिना पर्ची व बिना खर्ची नौकरियां दी जबकि इससे पहले या तो किसी को अपनी जमीन बेचनी पड़ती थी या फिर घर के गहने बेचने पड़ते थे। इस अवसर पर लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि अब से पहले कई शासन आए और गए लेकिन जिक्र उसी का होता है जो खास होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा ही कुछ खास किया, जिसकी बदौलत देश की जनता ने उन्हें दो प्रधान सत्ता सौंपी और तीसरी बार सत्ता सौंपने की तैयारी जनता ने कर रखी है। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि रैली में संयोजक एवं डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, विधायक विनोद भ्याणा ने भी अपने विचार रखे। रैली में उपरोक्त के अलावा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉ.आशा खेदड़, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, रवि सैनी, सोनू डाटा, ईश्वर मालवाल, पूर्व डिप्टी मेयर जयबीर गुज्जर, मनदीप मलिक, अशोक मित्तल सहित अनेक पदाधिकारी व नेता उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए सेंकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

# मीडिया आग में घी डालकर मेरे कपड़े फड़वाने का काम कर रहा है: दुष्यंत

**भड़के**

**200 पर नहीं जाएगी भारतीय जनता पार्टी, पार्टी छोड़कर जाने वालों को शुभकामनाएं: पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला**



**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जो लोग आज लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। हो सकता है विधानसभा चुनाव में दोबारा वापस लौट कर आ जाएं। पार्टी छोड़कर जाने वालों को वे शुभकामनाएं देते हैं। हरियाणा में पार्टी सभी 10 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। जिसको लेकर पार्टी आने वाले दिनों में पार्टी बैठक करके उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। वे मंगलवार देर रात पत्रकारों से बातचीत के दौरान भड़क गए और बोले कि आखिर वे उनके मुंह से क्या कहलवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया आग में घी डालकर उकसाने का काम कर रही है। मेरी गाड़ी पर हमले और कपड़े फड़वाना चाहती है। पहले दिन कहा था और आज भी कहता हूं कि हमने हरियाणा को सशक्त बनाया कमजोर नहीं बनाया। दुष्यंत चौटाला बोले कि किसानों से माफी क्यों मांगी जाए। गांव के अंदर किसानों के ग्रुप होते हैं। जो अलग-अलग पॉलिटिकल पार्टियों से जुड़े होते है। उन ग्रुपों के साथ कभी भी एक समय पर कोई भी नहीं बैठ सकता।

**200 सीट भी पार नहीं कर पाएगी भारतीय जनता पार्टी:** बीजेपी के 400 पार के नारे पर बोलते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा की एक समय था की इंदिरा गांधी ने भी कहा था इंदिरा इज इंडिया। इस चुनाव में भारत की जनता प्रधानमंत्री को बता देगी की 200 सीट तक पहुंचना भी बहुत मुश्किल है।

उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी पर आरोप लगाते हुए कहा की मंडियों में किसानों को नमी के नाम 300 रूपए का कट लगाकर किसानों को लूटा जा रहा है और मंडियों में हैफेड के कमीशन एजेंट के बिठाकर आढ़तियों की जेब पर भी ताला लगाने का काम किया जा रहा है।

# पुलिस को सफलता: ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, हत्यारोपी बिहार से गिरफ्तार

**काबू**

**आरोपी को शक था कि महिला की किसी और से दोस्त है, लिहाजा उसने उसकी हत्या कर दी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** रिलेशनशिप में रहने वाली महिला की चुन्नी से गला घोंट कर हत्या करने वाले आरोपी राजमिस्त्री को पुलिस ने गिरफ्तार कर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा किया है। आरोपी को शक था कि महिला की किसी और से दोस्त है, लिहाजा उसने उसकी हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि चौकी संजय कॉलोनी में 5 अप्रैल को जीवन नगर गोच्छी निवासी मकान मालिक से सूचना मिली की कि उसने एक काम उसने कमरा किराया दे रखा था, जिसमें से बदबू आ रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची बदबू वाले कमरे के ताले को तोड़ कर खोला गया। जहां पर खुशबू नाम की महिला मृत अवस्था में गले में चुन्नी के साथ पडी मिली। मकान मालिक की शिकायत पर थाना मुजेसर में अज्ञात व्यक्ति के मिला हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जहां शुरू की गई थी। पुलिस टीम की तफ्तीश में सामने आया कि महिला के साथ रहने वाला व्यक्ति मकान का ताला लगाकर 3 अप्रैल को सुबह निकल गया था। पुलिस टीम को महिला के साथ रहने वाले व्यक्ति पर शक हुआ। आरोपी को बिहार फुलकिया से कल काबू किया गया आज फरीदाबाद लाकर पूछताछ की गई। आरोपी बाजी राजमिस्त्री का कमा करता था जिसके साथ मृतका महिला मजदूरी का काम करती थी। आरोपी ने वारदात के संबंध में खुलासा किया कि वह महिला के साथ पिछले 3 वर्ष से रिलेशनशिप में रह रहा था। महिला पर किसी और के साथ दोस्ती करने का शक हुआ तो उसने 2 अप्रैल की शाम करीब 7-8 बजे चुन्नी से महिला का गला दबाकर हत्या कि वारदात को अन्जाम दिया था और अगली सुबह ताला लगाकर बिहार भाग गया था। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

फतेहाबाद: जिले के गांव झलनिया के पास सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का पांच दिन पहले ही तलाक हुआ था। मृतक पंजाब का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और बुधवार को मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल लाकर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के पटियाला क्षेत्र के शहर समाना निवासी 30 वर्षीय विजय कुमार ने फतेहाबाद क्षेत्र में अमरूद का बाग ठेके पर लिया हुआ था। रात को वह गांव झलनिया से सामान लेकर बाइक पर बाग की तरफ जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों द्वारा एंबुलेंस को सूचना दी गई, जिसके बाद युवक को नागरिक अस्पताल में घायल अवस्था में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नवरात्रों में ही होगी लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा: दिग्विजय

**आह्वान**

**डबवाली हलके के विभिन्न में किया जनसंपर्क, पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन मजबूत करने का किया आह्वान**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** पार्टी इन नवरात्रों में ही लोकसभा उम्मीदवारों की पूरी लिस्ट तैयार कर उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी। यह बात जननायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कही। वे बुधवार को डबवाली हलके के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गांव टप्पी, पीपली, बिजूवाली तथा दारेवाला में जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के घरों में भी जाकर उनका कुशलक्षेम जाना। इन कार्यक्रमों में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिग्विजय चौटाला का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह चौटाला ने कार्यकताओं को पार्टी को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताएं। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने भिवानी-महेन्दरगढ़ से राव बहादुर सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। बाकी 9 लोकसभा के उम्मीदवारों की घोषणा भी नवरात्रों में कर दी जाएगी। स. निशान सिंह द्वारा पार्टी को इस्तीफा देने पर दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि निश्चित तौर पर जब पार्टी का अध्यक्ष छोड़कर जाता है तो पार्टी में चिंतन होता है और वह पार्टी कर भी रही है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जल्द ही नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा महिला आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को फिर भेजा नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी पर टिप्पणी करने के बाद विवादों में फंसे कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। चुनाव आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को नोटिस जारी किए जाने के बाद बुधवार को हरियाणा महिला आयोग ने भी उन्हें दूसरी बार नोटिस जारी किया है। सुरजेवाला ने एक कार्यक्रम के दौरान हेमा मालिनी को लेकर टिप्पणी की थी। सुरजेवाला का यह वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने सुरजेवाला की घेराबंदी तेज कर दी। उधर, हरियाणा महिला आयोग ने इसका संज्ञान लेते हुए 4 अप्रैल को उन्हें नोटिस जारी कर दिया। जिसके बाद बुधवार को हरियाणा महिला आयोग ने दोबारा नोटिस जारी कर उन्हें जवाब तलब किया है। इस नोटिस में आयोग की तरफ से रणदीप सुरजेवाला को 18 अप्रैल को आयोग के फरीदाबाद कार्यालय में पेश होकर अपना जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

### पलवल: खराब हुई फसलों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**पलवल:** पलवल में कुछ दिनों पहले ओलावृष्टि और बारिश के कारण किसानों की खराब हुई फसल का फरीदाबाद के मंडलायुक्त संजय जून और पलवल जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने बुधवार को बामनीखेड़ा गांव के खेतों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में जाकर खराब हुई फसल को देखा और राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फसल खराबे को लेकर फरीदाबाद के मंडल आयुक्त संजय जून और जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला राजस्व अधिकारी बलराज दान्गी, तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द खराब हुई फसल का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेंजे ताकि किसानों को जल्द मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल खराबा की रिपोर्ट तैयार करते समय एक-एक पहलु का ध्यान रखा जाए और स्टीक जानकारी सरकार को उपलब्ध करवाई जाए।

### बाइपास पर मिला शव, हत्या की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** नगर के पल्ला इलाके के समीप बाइपास रोड पर झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक के सिर पर चोट के निशान देखकर उसकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस और फोरेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। सराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइपास रोड बुधवार सुबह कुछ लोगों ने झाड़ियों में एक शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक के शरीर व सिर में चोट लगी है, साथ ही गले में फंदा लगाए जाने के भी निशान प्रतीत हो रहे थे। सराय थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फोरेंसिक टीम भी मौके पहुंच कर फोरेंसिक जांच की है। मृतक के शरीर और सिर पर चोट के निशान पाए जाने के कारण क्षेत्रवासी हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। सराय थाना प्रभारी कुलदीप सिंह का कहना है कि उन्हें सुबह लगभग 9 बजे सूचना मिली कि बाइपास रोड पर जंगल में डेडबॉडी पड़ी है। जिसके बाद उनकी टीम और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। उनका कहना है कि शव को देखकर लग रहा है कि किसी ने उसकी हत्या की है, हालांकि शव की पहचान नहीं हो पाई है।

### फरीदाबाद में शॉर्ट सर्किट से गद्दों से भरे ट्रक में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में मंगलवार देर रात गद्दों से भरे एक ट्रक में भयंकर आग लग गई। घटना उस समय की है, जब ट्रक फोम के गद्दे लेकर फरीदाबाद स्थित कंपनी में जा रहा था। हाईटेंशन लाइन के टच होने से शॉर्ट सर्किट हो गया और ट्रक में आग लग गई। सीकरी एएसआई मोहम्मद का कहना है कि उनको सूचना मिली थी कि, सीकरी गांव के पास हरफला रोड पर सीएनजी पंप के सामने एक ट्रक टाटा 407 में भयंकर आग लग गई, जिसके बाद वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# यश बैंक के कर्मचारी ने साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था खाता

**दबोचा**

**आईसीआईसीआई व अन्य बैंकों में खोल चुका है फर्जी खाते, 11 बैंक कर्मचारियों को कर चुकी है गिरफ्तार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** साइबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने यस बैंक के एक कर्मचारी को काबू किया है। आरोपी कर्मचारी इससे पहले भी आईसीआईसीआई व अन्य बैंकों में फर्जी खाते खोलकर साइबर ठगों की सहायता करता रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध प्रियांशु दिवान ने बुधवार को जानकारी दी कि अब तक ऐसे 11 बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिन्होंने फजीर्वाड़ा करके ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराए हैं। पुलिस के अनुसार 18 दिसम्बर 2023 को एक व्यक्ति ने थाना साईबर अपराध पूर्व में शिकायत दर्ज कराई थी कि सोशल मीडिया बेस्ड टास्क पूरा करने के नाम पर उसके साथ 6 लाख रुपयों की ठगी हो गई है। शिकायत पर थाना साइबर पूर्व गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। थाना साइबर के निरीक्षक सवित कुमार ने टीम के साथ इस केस में आरोपी को गुरुग्राम से काबू किया है। आरोपी की पहचान हिमांशु गंगवार के रूप में हुई। वह उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव गंगवार का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह वर्तमान में यस बैंक में नौकरी करता है। इससे पहले वह विभिन्न बैंकों में नौकरी कर चुका है। उसके द्वारा ठगी की राशि में से 3 लाख रुपए जिस बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे, वह बैंक खाता आरोपी ने आईसीआईसीआई बैंक की सुशांत लोक गुरुग्राम की शाखा में रहते हुए खोला था।

# तीन भगौड़े आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** थाना शहर बल्लबगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर मेहेन्द्र सिंह की टीम ने भगोड़े तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में कमरुदीन,नरेन्दर और हंसराज का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आरोपी कमरुदीन गांव जखोपुर सेक्टर-55 का रहने वाला तथा आरोपी हंसराज गांव कबूलपुर सेक्टर-58 फरीदाबाद, आरोपी नरेन्दर गर्ग कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपी कमरुदीन ने अपनी बेची हुई जमीन को किसी दुसरे व्यक्ति के नाम पावर ऑफ अटॉर्नी कराकर 31 लाख 75 हजार रुपर की धोखा धडी कर रखी थी। इस संबंध में थाना सिटी बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज हुआ था आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका था और कोर्ट से जमानत पर चल रहा था। जमानत पर आने की बाद अदालत में तारीख पेशी पर नहीं जाकर जमानत के नियमों की उल्लंघना की। आरोपी को पुलिस टीम लगातार तलाश कर रही थी ।आरोपी को गुप्त सूचना पर कल सेक्टर-12 एरिया से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम ने आरोपी हंसराज को भी पीओ के मुकदमें में खेडीपुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने अपने भाई के हिस्से की एक कैनाल जमीन किसी व्यक्ति को बेच दी थी। जिसका मुकदमा थाना शहर बल्लबगढ़ में दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें आरोपी अदालत से जमानत पर था। जिसमें आरोपी माननीय अदालत तारीख पेशी पर नहीं जाता था । जिसको गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी नरेंन्दर कुमार ने वर्ष 2010 में सुनार की दुकान से 3 तोले सोना खरीदा था जिसका आरोपी ने 60 हजार रुपए का चैक दिया था। आरोपी के द्वारा दिया गया चेक बाउंस हो गया था। जिसकी एनआई एक्ट की कम्पलैन्ट कोर्ट में दी गई थी। जिसपर माननीय कोर्ट के द्वारा आरोपी को पीओ घोषित किया था। जिसमें आरोपी वर्ष 2013 से पीओ चल रहा था। जिसको पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना से बस स्टैण्ड बल्लबगढ़ से गिरफ्तार के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# गेहूं की फसल में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

रेवाड़ी: जिले के गांव बखापुर में बुधवार को एक किसान के खेत में कटाई कर रखी गई गेहूं की पैदावार में आग लगने से राख हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली-जयपुर हाइवे के साथ लगते गांव बखापुर में पूर्व सरपंच बीजेन्द्र के खेतों में बुधवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अन्य खेतों में काम कर रहे किसानों ने बीजेंद्र के परिवार को सूचित किया। सूचना के बाद बीजेंद्र का परिवार और दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची। देखते ही देखते आग पूरे खेत में फैल गई। आग की वजह से पूरी फसल जलकर खाक हो गई। पूर्व सरपंच बीजेन्द्र ने बताया कि गेहूं की फसल काटने के बाद पुलियां खेतों में सूखने के लिए रखी हुई थी। एक-दो दिन में गेहूं निकालने थे। इस दौरान बुधवार को खेत में रखी गेहूं की फसल पर ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइनों से निकली एक चिंगारी गिर गई और अचानक फसल में आग लग गई।

# फ्लैट में लगी भयंकर आग से लाखों का सामान जलकर राख

**पाया काबू**

**आग की लपटों से गैस सिलेंडर फटने से आस- पास के घरों में रहने वाले परिवार भी डर गये**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** पलवल न्यू सोहना रोड़ स्थित पंचवटी कॉलोनी में भगवान परशुराम धर्मशाला के सामने एक बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर के फ्लैट में भयंकर आग लगने का मामला बुधवार को सामने आया है। आग की लपटों से गैस सिलेंडर फटने से आस- पास के घरों में रहने वाले परिवार भी डर गये। पीडित परिवार का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत ये रही आग फ्लैट के पिछले हिस्से में लगने से घर में मौजूद सभी पांच सदस्य सामने दरवाजे बाहर निकलकर सीढ़ियों से नीचे उतर गए और आग से अपनी जान बचा ली। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार शेखपुरा निवासी आरिफ पुत्र मजीद पिछली महीने 21 मार्च से ही अपनी पत्नी दो बेटी और दो बेटों को लेकर फ्लैट में रहना शुरू किया। अभी उन्हें यहां रहते बीस दिन ही हुए थे कि यह हादसा हो गया। आरिफ ने बताया कि अगले महीने की 26 तारीख को उसकी बड़ी बेटी की शादी है। जिसके लिए परिवार की तैयारियां चल रही थी।

दो घण्टे पहले ही शॉपिंग करके आए थे। पत्नी व बेटियों को फ्लैट पर छोड़कर निधि हॉस्पिटल चला गया था। जहां पर पीआरओ का काम करता है। बच्चों से फोन पर मिली सूचना के बाद घर पर आया तो देखा घर में रखे कपड़े- ज्वेलरी और अन्य सामान भी जल गए हैं। पीड़ित आरिफ और उसकी बेटियों का कहना है कि नीचे के फ्लैट से या ग्राउंड फ्लोर से लगते हुए ऊपर आग पहुंची है।

# नशे के आदी युवक ने साथी के साथ मिलकर कार में आग लगा दी



**वारदात**

**युवक के पिता और भाई ने कार से निकलकर अपनी जान बचाई। युवक ने अपने पिता व भाई को मारने का प्रयास किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव बलियांवाला में नशे के आदी एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर कार पर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। कार में सवार युवक के पिता और भाई ने कार से निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद भी युवक ने अपने पिता व भाई को मारने का प्रयास किया। इस बारे में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस को दी शिकायत में बलियांवाला निवासी भीम सिंह ने कहा कि उसके दो लडके परमजीत व विक्रम हैं, विक्रम नशे करने का आदी है और उस पर पहले भी कई मुकदमें चल रहे हैं। भीम सिंह ने बताया कि बीती रात वह अपने लड़के परमजीत के साथ शहर से अपने घर आया और गाड़ी को बरामदे में लगाई तो वहां विक्रम व उसका साथी खड़े थे, जिसने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। उन्हें देखते ही विक्रम ने गाड़ी पर पैट्रोल डालकर आग लगा दी। भीम सिंह ने बताया कि उसने व उसके लड़के परमजीत ने कार से निकलकर अपनी जान बचाई और घर की तरफ भागे। इस पर विक्रम गंडासा लेकर उनके पीछा आया और मारने का प्रयास किया। इस पर उन्होंने घर के खिड़की-दरवाजे बंद कर लिए। इस पर विक्रम ने दरवाजे पर भी आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद विक्रम ने वहां खड़ी दूसरी गाड़ी के भी शीशे तोड़ दिए। विक्रम ने वहां काफी देर तक हंगामा किया और असला हवा में लहराते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। गाड़ी में लगी आग और एयरबैग फटने से हुए धमाके की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग वहां इकट्ठा हो गए। परमजीत ने इस बारे में डायल 112 पर सूचना दी।

# नहर में गिरी महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** जगाधरी-यमुनानगर रेलवे स्टेशन के पास बने यमुना नहर के पुल पर रेलवे लाइन को पार करते समय बुधवार सुबह एक महिला मालगाड़ी की टक्कर लगने के बाद यमुना नहर में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष निवासी तीर्थ नगर के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि आज सुबह 9 बजे के करीब तीर्थ नगर की रहने वाली महिला संतोष ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे लाइनों से रेलवे स्टेशन की ओर आ रही थी।

## न्यूज फ्लैश

### कव्वाली के पहलवान तरुण ने जीता गोल्ड मेडल गांव में खुशी का माहौल



**सोनीपत:** उड़ीसा की पूरी में आयोजित कॉम्बैट खेल प्रतियोगिता में खरखौदा क्षेत्र के गांव कव्वाली के सरपंच स्वर्गीय पंडित जय किशन शर्मा के पुत्र संदीप पाराशर के बेटे तरुण पहलवान ने 74 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा धर्मवीर पहलवान भोजराज पहलवान एवं गुरु कृष्ण पहलवान का नोटो की माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पहलवान तरुण ने बताया कि उसने अपने दादा पंडित जयकिशन शर्मा जी की इच्छा को पूरा किया है।

### मेहनत व अनुशासन के आह्वान के साथ नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की निशुल्क पढ़ाई शुरू

**हिसार:** जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर द्वारा नए सत्र में नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की निशुल्क पढ़ाई शुरू कर दी गई है। नवोदित विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने व अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया गया। हाल ही में निशुल्क पढ़ाई के लिए तीन चरणों में जेएमसी निशुल्क प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन व जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी शैक्षणिक सेवा कार्य नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते क्रियान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित जेएमसी सेंटर में बच्चों को अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा निशुल्क पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को निशुल्क पढ़ाने के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों में लाइब्रेरी की स्थापना, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना में भी जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर का विशेष योगदान है। सर्दी में सरकारी विद्यालयों के जरूरतमंद बच्चों को जर्सी व जूते भी निशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।

### हाईटेंशन लाइन के टावर के विरोध में महापंचायत होगी

**सोनीपत: दिल्ली** किसान अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने कहा कि दिल्ली-हरियाणा के लगभग 120 गांवों के किसान परेशान हैं। औचंडी बॉर्डर के उनके खेतों में जबरदस्ती बिजली की हाईटेंशन लाइन बिना मुआवजा दिए हीर्ी निकाली जा रही है। इसी का वे विरोध कर रहें हैं। बुधवार को प्रधान सतेंद्र लोहचब और उमेश दहिया सतेंद्र दहिया ब्लाक प्रधान खरखौदा, प्रदीप खत्री राई किसानों को शिष्टमंडल उपायुक्त डा. मनोज कुमार से मिला। अपनी समस्या रखी।

# भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पूरे देश में लहर: भट्ट

**एनआरआई प्रकोष्ठ के संयोजक विनीत कुंडू ने सभी का आभार व्यक्त किया, बैठक में संघ के 50 आरएमपी सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** भाजपा जिला कार्यालय में सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। महासंघ के जिला अध्यक्ष डॉ. रमेश ढांडा ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। आरएमपी नफे सिंह नौहरा ने सभी का स्वागत किया। एनआरआई प्रकोष्ठ के संयोजक विनीत कुंडू ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में इस संघ के 50 आरएमपी सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बैठक में सामाजिक चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है आज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष



में पूरे देश में लहर चल रही है। जिला में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें सामाजिक चिकित्सक संघ के पदाधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि सामाजिक चिकित्सकों का समाज में अत्यधिक सम्मानित स्थान है` ईश्वर के बाद चिकित्सक का ही सम्मानित स्थान होता है` भगवान जहाँ मनुष्य को सर्वगुण संपन्न प्राणी बनाकर संसार में भेजता है वहीँ सामाजिक चिकित्सक वर्ग मानव जीवन की रक्षा कर जीवन रक्षक की भूमिका निभाता है` उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने 9 वर्ष 6 महीने के शासन काल में देश में उम्मीदों से अधिक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए हैं और भारत के सभी जिला मुख्यालयों एक-एक मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं` उन्होंने कहा कि जल जीवन है इसलिए राष्ट्रहित में आरएमपी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को बिजली-पानी बचाने के लिए भी

**बैठक**

**8 सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा के निर्देशों पर कार्य करता है**

प्रेरित करें` जिला अध्यक्ष दुष्यंत ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े आरएमपी (रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर) भी सभी छोटे बड़े कस्बों, गाँवों और ढाणियों तक पहुँच कर लोगों को प्राथमिक चिकित्सा देते हैं` समाज के आम आदमी पर चिकित्सक वर्ग का विशेष प्रभाव होता है` इसलिए चिकित्सक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पार्टी हित में अधिकतम मतदान करवाने के लिए प्रेरित करना चाहिए` महासंघ के जिला अध्यक्ष डॉ. रमेश ढांडा ने कहा कि सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा के निदेशों पर कार्य करता है और इस समय पानीपत जिला में लगभग 2200 आरएमपी कार्य कर रहे हैं` उन्होंने कहा कि उनका संघ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण सहयोग देगा वहीँ 25 मई को मतदान के दिन भी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए भी तैयार रहेंगे` बैठक में भाजपा विधानसभा विस्तारक कश्मीर खासा, सामाजिक चिकित्सक सतबीर शर्मा, सुभाष कंधोल, अमित पोखर और सुखबीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## भद्रकाली मंदिर में लगाया कानूनी जागरुकता शिविर




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा नवरात्रों के अवसर पर भद्रकाली मंदिर में हैल्प डैस्क लगाया गया है। इस हेल्प डेस्क के तहत पीएलवी राजपाल और जोगिन्द्र कौर द्वारा श्रद्धालुओं को डीएलएसए द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों की जानकारी दी जा रही है। सीजेएम नितिन राज ने कहा इस प्रकार के हैल्प डैस्क को लगाने का उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है।

## प्रशासन ने अवैध रूप से मांस का व्यापार करने

**पानीपत , कमाल हुसैन** पानीपत शहरी विधानसभा में नवरात्रि के दिनों में खुले में अवैध रूप से मांस का व्यापार करने वालों व्यापरियों से प्रशासन सख्ती से निपटने के लिए मुस्तैद है,बीते बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने पानीपत में खुले में मांस का व्यापार करने वाली 21 दुकानों पर कार्यवाई



करते हुए ताला जड़ा है सोशल मीडिया के माध्यम से विधायक के संज्ञान में आया था मामला:-पानीपत शहरी से भाजपा विधायक प्रमोद विज को सेक्टर 11 में स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास खुले में मांस बिकने की सूचना मिली थी, विधायक ने मामले की पुष्टि के पश्चात प्रशासन को मामले से

### नशेड़ी युवक ने पिता और भाई को मारने के लिए कार में लगाई आग

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव बलियांवाला में नशे के आदी एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर कार पर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। कार में सवार युवक के पिता और भाई ने कार से निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद भी युवक ने अपने पिता व भाई को मारने का प्रयास किया। इस बारे में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## नमो-नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा शिव शक्ति महायज्ञ आरंभ, श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**जनकल्याणार्थ**

**8 कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में आहुतियां दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र:** नमो नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में करवाए जा रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में आहुतियां दी। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि 17 अप्रैल तक चलने वाले इस अनुष्ठान में प्रतिदिन 11 ब्राह्मणों द्वारा सुबह 7 बजे सर्वदेव पूजन,9 बजे मां दुर्गा स्नान,10 बजे दुर्गा सप्तशति पाठ,सांय 4 बजे हवन और 7:30 बजे महाआरती होगी। जनकल्याणार्थ करवाए जा रहे इस अनुष्ठान की अध्यक्षता नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना ने की जबकि 52 शक्तिपीठों के प्रतीकस्वरूप कन्याओं का पूजन महासचिव पंडित राजेश मौदगिल परिवार द्वारा किया गया। मुख्य यजमानों शिवकुमार सैनी,सुरेश सैनी,रघुबीर और नरेश सैनी बिशनगढ़ परिवार द्वारा विधि विधान से मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की गई। मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की व्याख्या करने हुए महंत रूद्र पुरी महाराज प्यौदा (कैथल) ने कहा कि मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी अर्थात तप का आचरण करने वाली है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। पूजन और हवन के पश्चात महिला श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन किया गया।

## पुलिस की महिला टीम ने शैक्षकि स्थानों में छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियो को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में पुलिस की टीमो द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।दिनांक



10 अप्रैल 2024 को महिला निरीक्षक पवना राणा की टीम ने राजकीय मॉडल सिनियर सैकंड्री स्कूल कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधो के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया । लड़कियों को सम्बोधित करते हुए निरीक्षक पवना राणा ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। निरीक्षक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है । सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी है। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें। पुलिस टीम ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे में भी जागरूक किया।

## किड्जी स्कूल में ईद उल फितर का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में ईद उल फितर का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे विद्यार्थी अलग अलग-अलग पोशाकें धारण किए हुए बहुत ही मनमोहक लग रहे थे। छात्रों द्वारा ईद के उपलक्ष्य में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों को ईद मनाने के कारणों एवं इतिहास से परिचित करवाया गया। जिससे उनमें सभी धर्मों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा की भावना



पैदा हो सके व उन्हें मुस्लिम इतिहास के बारे में पूरी जानकारी मिल सके।इस कार्यक्रम में स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा भटला,पी आर ओ रुचिका, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा, एच आर पूजा मैम तथा अन्य शिक्षक एवं स्टाफ भी शामिल हुआ।विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार रमजान महीने के आखिरी दिन मनाया जाता है।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13 से

**कुरुक्षेत्र:** 6वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13-14 अप्रैल को द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र के एथलेटिक्स ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव मनी कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से करीब 800 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। यह प्रतियोगिता वरिष्ठ पुरुषों और वरिष्ठ महिलाओं के लिए आयोजित किया जा रही है। प्रतियोगिता के दौरान सभी मुकाबले एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ए.एफ.आई.) प्रतियोगिता नियमावली के अनुसार आयोजित करवाए जाएंगे।

## निष्पक्षता से करना चाहिए अपने मत का प्रयोग: शर्मा

**दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को दिया संदेश, जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वाधान में शहर में आयोजित की गई मतदाता जागरूकता रैली**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा इस मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम शहर के विभिन्न स्थानों पर आमजन को जागरूक किया गया। छात्राओं द्वारा संदेश दिया गया कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक



मतदाता को वोट डालना जरूरी है और प्रत्येक मतदाता को आगामी 25 मई को अपने बूथ पर जाकर वोट डालनी चाहिए।मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा ने कहा कि इस मतदाता जागरूकता रैली में छात्राओं ने लोगों को संदेश दिया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में 25 मई के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर अपने बूथ तक पहुंचना है। इस बूथ पर पहुंच कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए निष्पक्ष एवं बिना भय के अपने वोट का प्रयोग करना है। मतदाता जागरूकता रैली के जरिए संदेश देने का प्रयास किया कि 25 मई को चुनाव पर्व मनाना है। इसके

**मत का अधिकार**

**8 छात्राओं द्वारा संदेश दिया गया कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता को वोट डालना जरूरी है**

लिए मतदाता को स्वयं और अपने आस-पास के मतदाता को वोट डालने के प्रति जागरूक करना है। इस कर्तव्य का निर्वहन सभी को करना है और संकल्प लेना है कि देश के विकास के लिए सभी अपने वोट का प्रयोग करेंगें।

## वात्सल्य वाटिका में नववर्ष पर ध्यान सशक्तिकरण कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी अमीन रोड कुरुक्षेत्र में भारतीय हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल 1 सम्वत 2081 दिन मंगलवार को प्राणायाम व ध्यान विधि द्वारा आत्म सशक्तिकरण कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। सबसे पहले माँ सरस्वती और भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला आरंभ हुई । फिर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी ने अपने आशीर्वाद उद्बोधन में कहा कि हम छोटी से छोटी बीमारी के लिए डॉक्टरों के पास जाते हैं, परंतु कुछ बीमारियों का इलाज हम खुद योग साधना व प्राणायाम से कर सकते हैं। आज सबसे बड़ा योग मनोयोग हैं। मनोयोग



से हम बहुत सी बीमारियों का इलाज कर सकते हैं । अगर हमारे मन ने ठान लिया कि मैं स्वस्थ हूँ तो हम आधे से ज्यादा अपने आप ठीक हो जाते हैं । सबसे पहले अपने मन को पक्का करना चाहिए । फिर कार्यशाला के प्रमुख कृष्ण कुमार भण्डारी जी ने सभी को विस्तार से प्राणायाम और ध्यान के विषय में बताया और श्रीमद्भागवत गीता में पहले से ही सब वर्णित है। हम सभी को ध्यान विधि से अपने स्वस्थ को लाभ पहुँचा सकते हैं। कृष्ण जी ने जय श्रीमद्भागवत गीता में से चुनकर योग के श्लोकों को

**ध्यान साधना**

**8 सबसे पहले माँ सरस्वती और भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला आरंभ हुई**

निकलकर उनका विश्लेषण किया । आज हम शरीर के लिए तो सब योग व्यायाम करते हैं परंतु दिमाग के लिए कुछ नहीं करते इसलिए इस कार्यशाला में दिमाग के बारे में योग व ध्यान साधना भी करवाई जाएगी। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि आज आत्म सशक्तिकरण कार्यशाला का उद्घाटन सत्र आरंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में समाज के वरिष्ठ सज्जनों ने भाग लिया । यह कार्यशाला प्रतिदिन शाम पाँच बजे से छह बजे तक चलेगी और कार्यशाला निःशुल्क लगने वाली है। हम सभी को इस कार्यशाला में भाग लेकर अपने स्वस्थ को बेहतर तरीके से बनाना हैं। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी, ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल, ट्रस्ट सचिव ओमप्रकाश गेरा, कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह , कृष्ण कुमार भण्डारी, डॉक्टर कृष्ण कुमार पत्रकार, पवन गुप्ता, सरदार अवतार सिंह, सुरेश कुमार, विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, विद्यालय आचार्य पूनम सलूजा, परविंदर कौर, लखपत राय जिंदल, बलबीर, डॉक्टर मनीष कुकरेजा और छात्र छात्राएँ मौजूद रहे।

## गीता निकेतन विद्या मंदिर विद्यालय में हुआ विद्यारंभ संस्कार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर ,सेक्टर -3 में नव प्रवेश प्राप्त नन्हे मुन्ने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। जिसमें बच्चों के अभिभावकों एवं विद्यालय आचार्यों की सहभागिता

रही। आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों को उनके दायित्व के प्रति जागरूक करना एवं नन्हे मुन्ने बच्चों में अध्ययन का उत्साह उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर , विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार भी उपस्थित रहे। श्री गुलशन ग्रोवर जी ने




सभी अभिभावकों को बताया कि हमारे जीवन में विद्या और ज्ञान की अहमियत हम सभी जानते हैं। लेकिन हिंदू धर्म में इसका स्थान सर्वोच्च है ।यही कारण है कि जब बालक विद्यालय जाने लगता है ,तब यह संस्कार पूरे विधि- विधान के साथ किया जाता है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर ही छात्रों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। प्रधानाचार्य श्री सुमित कुमार जी ने बताया कि बच्चों को अक्षर ज्ञान ,विषय ज्ञान के साथ-साथ श्रेष्ठ संस्कार युक्त जीवन प्रदान करने में अभिभावक और आचार्य मिलकर काम करें।

**सहभागिता**

**8 नन्हे मुन्ने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। अभिभावकों एवं विद्यालय आचार्यों की सहभागिता रही**

## न्यूज़ फ्लैश

### क्वेकर की दिल को छू लेने वाली लॉन्ग फॉर्मेट वाली एड फिल्म ने दिया बेहतरीन संदेश



**नोएडा।** जब भी पोषण की बात आती है, तब भारत में ओट्स सेगमेंट की अग्रणी कंपनियों में से एक क्वेकर का नाम सबसे पहले सामने आता है। ब्रांड, अपनी 'बाउल ऑफ ग्रोथ' पहल के माध्यम से 3 तरह के प्रयासों के साथ बच्चों में कुपोषण की स्थिति को हल करने का प्रयास करता है। क्वेकर के तीन प्रमुख प्रयासों में 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को पोषण प्रदान करना, माता-पिता/देखभाल करने वालों में पोषण की समझ विकसित करना और समुदाय में जागरूकता फैलाना शामिल है। महाराष्ट्र उन राज्यों में शामिल है जहां कुपोषण की स्थिति बेहद चिंताजनक है। इसे देखते हुए पुणे के ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से चुने गए ब्लॉकों में एक खास पोषण-केंद्रित कार्यक्रम शुरू किया है। सामुदाय के बीच कुपोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए, ब्रांड ने अपनी पहली लॉन्ग-फॉर्मेट वाली एड फिल्म 'दोहले जेवन पोशांची वाटी' लॉन्च की है। यह कहानी न केवल बच्चों में कुपोषण संबंधी समस्या पर ध्यान देने के लिए जरूरी पोषण की आवश्यकता पर बल देती है, बल्कि दर्शकों के साथ गहरा संबंध बनाने के लिए स्थानीय रहन सहन और संस्कृति के तत्वों को भी शामिल करती है। लॉन्च को लेकर बात करते हुए, श्रावणी बाबू, एसोसिएट डायरेक्टर एवं कैटेगरी लीड – क्वेकर, पेप्सिको इंडिया ने कहा, "कुपोषण के खिलाफ क्वेकर की लड़ाई की शुरूआत पिछले साल हुई थी। चाहे आंगनबाड़ियों में बच्चों को परोसा जाने वाला भोजन पंजीरी हो या सदियों पुराने आयोजन के माध्यम से समुदाय में जागरूकता लाना हो, हमने शुरूआत से ही सांस्कृतिक तत्वों को अपने कार्यक्रम में शामिल किया है। यह शॉर्ट फिल्म जागरूकता फैलाने की दिशा में एक और कदम है। इस फिल्म में एक ऐसे बच्चे के नजरिए से पोषण के जरूरत पर रोशनी डाली गई है, जो अपने होने वाले भाई-बहन की भलाई को लेकर बेहद चिंतित है।'

### सावधान-एनएसई के एमडी और सीईओ के फर्जी वीडियो हुए वायरल, जिनमें वे स्टॉक की अनुशंसा कर रहे हैं

**गुरुग्राम। हाल** ही हमने ऐसा पाया है कि एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान के चेहरे/आवाज का उपयोग करके कुछ ऑडियो और वीडियो क्लिप बनाए गए हैं और इनमें एनएसई के लोगो का इस्तेमाल भी किया गया है। टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए गलत तरीके से बनाए गए ऐस ऑडियो-वीडियो क्लिप में निवेश संबंधी सलाह दी गई है।ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करते हुए परिष्कृत तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए हैं। निवेशकों को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे ऑडियो और वीडियो पर विश्वास न करें और ऐसे फर्जी वीडियो या अन्य माध्यमों से आने वाले किसी भी निवेश या अन्य सलाह का पालन न करें। यह ध्यान दिया जाए कि एनएसई के कर्मचारी किसी भी स्टॉक की सिफारिश करने या उन शेयरों में सौदे करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, एनएसई इन प्लेटफार्मों से जहां भी संभव हो, इन आपत्तिजनक वीडियो को हटाने का अनुरोध करने का प्रयास कर रहा है। सभी निवेशकों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें और एनएसई की वेबसाइट पर आने वाली जानकारी को एनएसई या उसके अधिकारियों से इसे आधिकारिक जानकारी के रूप में सत्यापित करें। निवेशकों और आम जनता को उपरोक्त बातों पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है।

### बाल विवाह रोकने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा

**नारनौल। संरक्षण** एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने बाल विवाह रोकने के लिए आज नांगल चौधरी खंड के विभिन्न सरपंचों के साथ बैठक की। इसके अलावा नांगल दर्गू राजकीय विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अक्षय तृतीया पर जिले में बाल विवाह की आशंका को लेकर प्रशासन अलर्ट है।

# दी गन्नौर गोस्वामी कॉप सोसायटी की नपा द्वारा पैमेंट न किए जाने पर एसडीएम से पेमेंट दिलाने की मांग की

## एसडीएम को दी शिकायत में बताया कि पार्क निर्मा किरने का कार्य उनकी फर्म को 18 जून 2018 को अलाट किया गया था



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: दी गन्नौर गोस्वामी** कॉप सोसायटी की गांधी नगर में बनाए गए पार्क निर्माण के बावजूद नगरपालिका द्वारा पैमेंट न किए जाने से परेशान होकर सोसइटी के ठेकेदार मुकेश ने एसडीएम को शिकायत देकर पैमेंट करवाने की मांग की। एसडीएम को दी शिकायत में बताया कि पार्क निर्माण करने का कार्य उनकी फर्म को 18 जून 2018 को अलाट किया गया था। विभाग द्वारा स्कोप बढ़ाने के कारण कार्य की लागत बढ़ गई थी। उसके बावजूद भी पार्क का ठेके से संबधित कार्य का 8 माह में पूरा कर दिया गया था और तत्कालीन सांसद व विधायक द्वारा पार्क का उद्घाटन किया गया। 24 दिसंबर 2023 को जनता को समर्पित किया गया। शिकायत में ठेकेदार मुकेश ने बताया कि कार्य हमारे द्वारा समय पर व पूरे नियम व शर्तों के अनुसार पूरा किया गया। जिसकी पैमेंट करीब 40-45 लाख रुपएं बनती है। पैमेंट अब तक नगरपालिका के बार-बार चक्कर काटने के बाद भी अधिकारी भुगतान नही कर रहे है और बताते है कि इस कार्य की जांच चल रही है और विजिलेंस जांच सितम्बर 2022 चली हुई है जिसकी आज तक कोई रिर्पोट नहीं आई है। शिकायत में कहना कि मुझे बहकाया जा रहा है, जिससे हमारी फर्म को बहुत नुकसान हो रहा है।

ठेकेदार नग एसडीएम से मांग की कि जब तक सैंपल की रिर्पोट नहीं आती तब तक मेरी कुछ पैमेंट रोक दी जाए और बकाया पेमेन्ट कर दी जाए। इसके लिए नगरपालिका शपथ पत्र भी दे तो वह देने को तैयार है।

## स्लोगन लेखन प्रतियोगिता से मतदान के बारे में किया प्रेरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय राजपुर में सवीप गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा की अध्यक्षता में एबीआरसी ज्योतसना के सहयोग से चित्रकला, पोस्टर मेकिंग ,स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्रों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार और खंड संसाधन संयोजक आज़ाद सिंह दहिया ने प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। उनके द्वारा विद्यार्थियों को मतदान विषय पर संबोधित किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के विषय में समझाया और सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वह अपने परिवार के सदस्य जो 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं उन्हें वोट डालने के लिए प्रेरित करें। मतदान विषय पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की ड्रॉइंग और रंगोली बनाई।

## भाजपा जिलाध्यक्ष सोनिया ने तरुण शर्मा को स्वर्ण पदक जितने पर बधाई दी



**टीम एक्शन इंडिया: राई।**
**कॉम्बैट फेडरेशन आफ** इंडिया में स्वर्ण पदक जितने पर तरूण शर्मा को भाजपा महिला जिलाध्यक्ष सोनिया मोर ने बधाई दी। मोर ने कहा कि तरुण शर्मा ने पदक जीतकर अपने दादा का सपना पूरा किया। बजरंग अखाड़ा से धर्मवीर दहिया, कृष्ण पहलवान बैयापुर व भोजराज पहलवान जगदीश अखाड़ा ने उनका हौंसला बढ़ाया और आगामी भविष्य में और अधिक ऊँचाइयाँ छूने के लिए प्रेरित किया। सोनिया मोर ने बताया कि खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रहा है बल्कि बेहतरीन करियर निर्माण का एक शानदार विकल्प भी साबित हुआ है। सोनिया मोर ने बताया कि देश में खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल नीति बनाई गई है।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत:** क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी जुआं हाल में समालखा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिपाही अनिल ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान 31 मार्च को ककरोई चौक शहर पर मौजूद थी। उसी दौरान पुलिस ने नरेंद्र निवासी जुआं को महलाना सड़क मार्ग से अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। आरोपित के पास तलाशी के दौरान एक देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद मिले थे। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। सीआईए के टीम वारदात में शामिल आरोपित दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

## क्लैक्टर-कम- अतिरिक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने ली शराब ठेकेदारों की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल। : लोकसभा आम चुनावों** के दौरान शराब तस्करी का अंदेशा रहता है। ऐसा होना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उलंघन है। ऐसे में अधिकारी डिस्टलरी से लेकर ठेकों तक लगातार मॉनिटरिंग रखें। इसके अलावा खुदरा एवं थोक शराब के लाईसेंस धारक यह सुनिश्चित करें कि शराब बिक्री का पूरा लेखा जोखा रखें। ये निर्देश हरियाणा के क्लैक्टर (आबकारी) -कम- अतिरिक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त आशुतोष राजन ने आज उप आबकारी व कराधान आयुक्त (आबकारी) कार्यालय में विभाग के अधिकारीयों तथा जिले के खुदरा एवं थोक शराब के लाईसेंस धारकों की बैठक में दिए। उन्होंने चुनावों के मध्यनजर शराब कारोबारियों को आबकारी नीति के अनुपालना के बारे में सख्त हिदायत दी। साथ ही जिलें के आबकारी व कराधान विभाग के स्टॉफ को जिले में गैर कानूनी शराब की आवाजाही व बिक्री पर सख्त कार्यवाही करने के आदेश भी दिए।श्री राजन ने बताया कि विभाग स्थानीय पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकर शराब की अवैध आवाजाही, तस्करी, अवैध बिक्री व भण्डारण को रोकने के लिए लगातार फिल्ड का दौरा करें। साथ ही राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के आबकारी अधिकारियों व पुलिस से समन्वय करते हुए इस संबंध में तत्परता से कार्य करें।

## उपायुक्त की मौजूदगी में पुलिस-पैरामिलिट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**आगामी लोकसभा चुनाव** को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए बुधवार को स्वयं बहादुरगढ़ उपायुक्त श्री मयंक मिश्रा ने झज्जर पुलिस व पैरामिलिट्री की संयुक्त टीमों के साथ बहादुरगढ़ शहर में फ्लैग मार्च निकाला। जिस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा आईपीएस ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए झज्जर पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बहादुरगढ़ क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए आज यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मताधिकार आपका अधिकार है इसलिए आप अपने मत का निडर होकर प्रयोग जरूर करें। यह फ्लैग मार्च बहादुरगढ़ शहर में होते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी निकाला गया। इस फ्लैग मार्च के द्वारा आमजन के मन में सुरक्षा व भाईचारे की भावना को बनाए रखना है।

**मत का प्रयोग**

8 मताधिकार आपका अधिकार है इसलिए आप अपने मत का निडर होकर प्रयोग जरूर करें

वही चुनाव को प्रभावित करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का भी संदेश दिया गया है। इस दौरान पुलिस उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपको कहीं पर भी अवैध नशीला पदार्थ बिकता हुआ दिखाई दे तो इसकी सूचना आप तुरंत पुलिस को दें और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से स्वपन करवाने में झज्जर पुलिस का सहयोग करें।

इस दौरान पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ श्री मयंक मिश्रा सहायक आयुक्त यातायात अखिल कुमार, थाना प्रबंधक शहर बहादुरगढ़ निरीक्षक विनोद कुमार, थाना प्रबंधक सदर बहादुरगढ़ निरीक्षक मनोज कुमार, थाना आसौदा प्रबंधक निरीक्षक सुनील कुमार, थाना लाइनपार बहादुरगढ़ प्रबंधन निरीक्षक संदीप कुमार, सुरक्षा शाखा प्रभारी बहादुरगढ़ सहायक उप निरीक्षक रविंद्र कुमार व भारी संख्या में जिला पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स मौजूद रही।

## घायल डिजाइनर की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र के** सेक्टर-37 में मोटरसाइकिल पर डयूटी पर जा रहे डिजाइनर व उसके दोस्त सड़क हादसे का शिकार हो गए। सड़क पर खड़े कार चालक ने अचानक गाड़ी की खिड़की खोल दी। जिसके चलते तीनों हादसे का शिकार हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां निजी अस्पताल में उपचार के दौरान डिजाइनर की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लुधियाना पंजाब हाल में टसकेन हाईटस निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि गत 4 अप्रैल को सुबह करीब अपने साथी गुतम बिहार व गुलशन कुमार (43) राजीव कालोनी सेक्टर-17 पंचकूला तीनों कंपनी में जा रहे थे। गुलशन कंपनी में डिजाइनर के तौर पर कार्यरत था। सेक्टर-37 फेस-4 के पास पहुंचे। उसी दौरान सड़क पर खड़ी बरेजा कार चालक ने अचानक गाड़ी की खिड़की खोल दी। खिड़की से मोटरसाइकिल टकरा गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने घायल गुतम व उसे छुट्टी दे दी। जबकि गुलशन की हालत गंभीर होने के चलते उसे अस्पताल में भर्ती रखा। जहां उपचार के दौरान उसकी मंगलवार को मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द कार चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## खरीफ फसल की खरीद को लेकर मंडलायुक्त ने की डीसी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा:**
**नारनौल। खरीफ** फसल की सरकारी खरीद को लेकर आज गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान ने उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने महेंद्रगढ़ जिला में चल रही सरसों के खरीद कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक के बाद उपायुक्त ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में पिछले सीजन में लगभग 49 हजार मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई थी। इस बार अभी तक लगभग 37500 मीट्रिक टन सरसों की आवक हो चुकी है। इसमें से 24 हजार मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है। शेष उठान कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियम अनुसार सरसों की खरीद करें।

## रेडक्रॉस भवन में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल: झल्लूराम** मेमोरियल सामाजिक शिक्षा समिति नांगल काठा एवं रेड क्रॉस सोसाइटी नारनौल के तत्वावधान में रेड क्रॉस सेंट जॉन भवन नारनौल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि कनीना डीएसपी मोहिंद्र सिंह मौजूद रहे। आज के रक्तदान कैंप में 31 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया। सिविल हॉस्पिटल नारनौल से आई डॉक्टरों की टीम ने जांच कर युवाओं का रक्तदान करने के लिए हौंसला बढ़ाया। आरएसओ के सदस्य राजेश ने 25वीं बार रक्तदान किया। सिपाही कुलदीप ने भी रक्तदान किया। समिति एवं नागरिक अस्पताल की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद डीएसपी मोहिंद्र सिंह ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएसपी मोहिंद्र सिंह ने फर्स्ट एड ट्रेनिंग करने वाले प्रशिक्षु एवं रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए रक्तदान की महत्त्वता, यातायात नियमों एवं नशे से दूर रहना इत्यादि विषयों पर अपना संबोधन दिया। डीएसपी मोहिंद्र सिंह ने युवाओं को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। युवाओं को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने, धीमी गति से वाहन चलाने के साथ सुरक्षा उपायों को अपनाने के लिए जागरूक किया।

## बेहतर कार्य करने वाले डीलर व डिस्ट्रीब्यूटर को किया सम्मानित





**टीम एक्शन इंडिया**
**राई: मुरथल में पार्क** ब्लू होटल में पीएनबी किचेनमेट मैराथन 2024 का रंगारंग व बेहतरीन आयोजन किया। जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर पहुंचे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पवार ने पीएनबी किचेनमेट के निदेशक राकेश बजाज, राजेश बजाज, राजीव बजाज, राहुल बजाज आदि ने कंपनी के अधिकारियों के सहयोग से दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक सुरेंद्र पवार ने देश के अलग-अलग प्रदेशों से बेहतरीन कार्य करने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित किया। पीएनबी द्वारा लगाई बर्तनों की प्रदर्शनी को देख विधायक ने क्वालिटी की बहुत ही सराहना की । विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि पीएनबी क्वालिटी के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं । पीएनबी किचन मेट के डायरेक्टर राजीव बजाज ने कहा पीएनबी किचेनमेट गांव से लेकर शहर के हर व्यापारी तक पहुंचना चाहता है और इसीलिए प्रत्येक छोटे व्यापारी से बड़े व्यापारी को किचन में से जोड़ने का काम किया जा रहा है और किचन में बेहतर व सुंदर बर्तन की क्वालिटी के कारण ही परिवार लगातार आगे बढ़ रहा है वहीं कार्यक्रम में पहुंचने वाले डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी है। किचेनमेट के बर्तन हर घर तक अपनी पहुंच बनाए हुए हैं और बेहतरीन क्वालिटी के चलते लगातार डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर जुड़ रहे हैं। निदेशक राकेश बजाज ने कहा कि प्रोत्साहन के लिए सभी को बुलाया है ताकि क्षेत्र का नाम रौशन हो।

## ओम शांति शिक्षा सदन में कौन बनेगा चैम्पि. प्रतियोगिता के विद्यार्थी सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**राई: कौन बनेगा चैम्पियन** में हिस्सा लेकर जीत हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मंगलवार को ओम शांति शिक्षा सदन स्कूल नाथूपुर में पहुंचने पर सम्मानित किया है। स्कूल के प्रबंधक योगराज भारद्वाज व स्कूल प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता मुख्य रूप से सम्मानित हुए। स्कूल प्रबंधक योगराज भारद्वाज ने बताया कि कौन बनेगा चैम्पियन के लिए पहले चरण के लिए स्कूल के 36 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने बौद्धिक विजेता विद्यार्थियों ने ज्ञान, क्षमता व गणित से संबंधित प्रश्नों के जवाब दिए और इनमें से 28 विद्यार्थियों ने दूसरे चरण में अपना स्थान बनाया। आशीष ने तृतीय चरण में चौथा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों ने सर्वांगीण विकास के लिए सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए।

## संपादकीय

# आदिशक्ति की आराधना

**भारतीय** समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरूआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 09 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के प्रथम स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की।

# राजस्थान का लोकोत्सव गणगौर

रमेश सर्राफ धमोरा

> "ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।
> कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की"

**राजस्थान** का नाम सुनते ही मन खुशी से झूम उठता है। राजस्थान के पर्व त्यौहार अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। गणगौर शब्द भगवान शिव और पार्वती के नाम से बना है। गण यानि भगवान शिव और गौर यानि पार्वती। इसलिए शिव-पार्वती की पूजा के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं:-

गौर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी,
छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:-

म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर,
दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,
ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर,
ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का बिन्दौरा निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:-

गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे। हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं। अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं।



**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# राष्ट्रवाद, राष्ट्र के प्रति सर्वांगीण समर्पण

संजीव

**राष्ट्रवाद** सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह अछुता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं' राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव अवसरवाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं'

भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है।

## विचार

# भारत को आकार देने में शिक्षा की भूमिका

विजय गर्ग

**सामाजिक प**रिवर्तन और राष्ट्र-निर्माण को बढ़ावा देने में नैतिक शिक्षा और अंतःविषय दृष्टिकोण के महत्व को कम करके आंका नहीं जा सकता है छात्रों का जीवन एक बड़े परिवर्तन के बीच है, जिसका मुख्य कारण दुनिया भर में तेजी से बदलती मूल्य प्रणालियाँ हैं। हालाँकि, केवल अधिग्रहण द्वारा संचालित इस परिवर्तन से सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना नहीं है। इसके बजाय, यह शिक्षा, एक अत्यधिक प्रतिष्ठित संस्थान, को केवल एक व्यावसायिक उद्यम में बदलने का जोखिम उठाता है जहां सफलता केवल भौतिक संपत्ति से मापी जाती है। नैतिक और नैतिक शिक्षा सफलता की कुंजी है, जो नई पीढ़ी को उन मूल्यों और दृष्टिकोणों को अपनाने में सक्षम बनाती है जो तेजी से बदलाव वाले वातावरण में छात्र समुदाय की रचनात्मक इच्छाओं को पोषित कर सकते हैं। फिर भी, हमें इस संक्रमणकालीन चरण से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए। ज्ञान, बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता, प्रेरणा और प्रोत्साहन जैसे कीवर्ड एक सफल शिक्षा प्रणाली के लिए आवश्यक शर्तें हैं। एक सक्षम शिक्षा प्रणाली में अप्रत्याशित चुनौतियों से निपटने के लिए असंख्य रणनीतियों को लागू करने में सक्षम आंतरिक शक्ति होनी चाहिए। नवीनतम कौशल को बढ़ावा देना और नए नैतिक कोड और संज्ञानात्मक सोच को सूक्ष्मता से प्रसारित करना महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं जो भारत के विकास अभियान के लिए एक मजबूत नींव रख सकते हैं। जबकि हमारी शिक्षा प्रणाली छात्रों और शिक्षाविदों के रचनात्मक आग्रह को आकार देने वाले मूल्यों और दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए जानी जाती है, इस संक्रमणकालीन चरण के दौरान इसे बढ़ती चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अंतःविषय और बहु-विषयक अध्ययन के समकालीन महत्व के संबंध में मौजूदा ज्ञान में अंतर को पाटने के प्रयास किए जाने चाहिए। भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों को प्रत्येक अनुशासन को विविध सामग्री और विचारों से समृद्ध करने की आवश्यकता है। यहां तक कि विज्ञान के छात्रों को भी एनईपी 2020 द्वारा शुरू की गई बहु-विषयक प्रथाओं के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों से अवगत कराया जाना चाहिए। ऐसी नीतियां नवाचार के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करती हैं और कई विषयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देती हैं। हाल के वर्षों में, नई शिक्षा प्रणाली ढांचे में लोकतंत्र, पर्यावरण, वैश्वीकरण और शासन के वास्तविक जीवन के प्रयोगों को एकीकृत करने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, विभिन्न विषयों की सामग्री और प्रकृति में पर्याप्त बदलाव आया है। यह प्रदर्शित करना महत्वपूर्ण है कि उच्च शिक्षा के नए दृष्टिकोण कैसे परिवर्तन ला सकते हैं और जनता के बीच विश्वास पैदा कर सकते हैं। अनुसंधान और शिक्षण को तदनुसार उन्नत करने के लिए विश्व स्तर पर शिक्षा में नवीनतम अनुसंधान और विकास का प्रसार किया जाना चाहिए। उच्च शिक्षा प्रणाली की ताकत उसकी आंतरिक गतिशीलता, समावेशी विकास सुनिश्चित करने और विकसित भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने में निहित है। भारत के उद्यमशीलता कौशल ने तृतीयक बाधाओं पर काबू पाकर और नवाचार को बढ़ावा देकर हमें आगे बढ़ाया है। उल्लेखनीय पहलों ने केवल बाजार या कड़ी प्रतिस्पर्धा पर निर्भर रहने के बजाय कनेक्टिविटी और नए कनेक्शन विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। जैसा कि लुसी लारकॉम ने एक बार कहा था, "यदि दुनिया आपको ठंडी लगती है, तो इसे गर्म करने के लिए आग जलाएं।" यह भावना पारंपरिक मूल्यों और नैतिकता की हमारी भूली हुई सराहना के लिए सच है। छात्रों में रचनात्मकता और जिम्मेदारी को बढ़ावा देकर, उन्हें नैतिक ज्ञान और रोजगार योग्य कौशल से लैस करके भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त किया जा सकता है। यह न केवल नैतिक क्षितिज को व्यापक बनाता है और निर्णय लेने की क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि नैतिक और नैतिक रूप से क्या सही है।व्यावहारिक दृष्टिकोण और कार्यशालाएँ आलोचनात्मक सोच और अभिव्यक्ति के विविध रूपों के माध्यम से कौशल विकसित करने में मदद कर सकती हैं। नैतिकता घिसी-पिटी बातों से परे है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# वैश्विक शैक्षिक गतिशीलता का सकारात्मक संकेत

विजय

**ऐसे** युग में जहां शिक्षा की सीमाएं राष्ट्रीय सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई हैं, एक हालिया सर्वेक्षण एक विशेष रूप से सम्मोहक प्रवृत्ति पर प्रकाश डालता हैः संयुक्त राज्य अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारतीय महिलाओं के बीच बढ़ती महत्वाकांक्षा। यह आंदोलन केवल व्यक्तिगत आकांक्षाओं का प्रतिबिंब नहीं है, बल्कि इस परिदृश्य में भारतीय महिलाओं की अद्वितीय स्थिति पर जोर देते हुए, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की ओर एक वैश्विक बदलाव की प्रतिध्वनि है। सर्वेक्षण, स्नातक से लेकर आगे की शिक्षा चाहने वाले कामकाजी पेशेवरों तक, भारतीय महिलाओं के एक विविध समूह की आवाज को पकड़ता है, शैक्षणिक उत्कृष्टता, पेशेवर उन्नति और व्यक्तिगत विकास के लिए उनकी सामूहिक इच्छा का खुलासा करता है। मुख्य निष्कर्ष और आँकड़े सर्वेक्षण के खुलासे चौंकाने वाले हैं, जिसमें 65% भारतीय महिला उत्तरदाताओं ने अपने उच्च शिक्षा लक्ष्यों के लिए अमेरिकी विश्वविद्यालयों के प्रति मजबूत झुकाव का संकेत दिया है। यह पिछले वर्षों की तुलना में काफी वृद्धि दशार्ता है, जो भारतीय महिलाओं के बीच शैक्षणिक गतिविधियों के लिए विदेश में उद्यम करने के बढ़ते आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का संकेत देता है। एसटीईएम क्षेत्रों का आकर्षण कम नहीं हुआ है, 40% से अधिक उत्तरदाता इन विषयों की इच्छा रखते हैं, जो शिक्षा और करियर विकल्पों में पारंपरिक लिंग भूमिकाओं को तोड़ने पर जोर देते हैं। भारतीय महिलाओं के बीच हितों के व्यापक स्पेक्ट्रम को दशार्ते हुए, व्यवसाय और मानविकी बारीकी से अनुसरण करते हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पसंदीदा विश्वविद्यालयों की सूची में शीर्ष पर हैं, जो उनकी निर्णय लेने की प्रक्रिया में अकादमिक प्रतिष्ठा के महत्व को उजागर करते हैं। रुचि में वृद्धि के पीछे के कारक इस प्रवृत्ति को चलाने वाली प्रेरणाओं की गहराई से जांच करने पर कई प्रमुख कारक सामने आते हैंः शिक्षा की गुणवत्ताः अमेरिका अपने कठोर शैक्षणिक मानकों, नवीन अनुसंधान अवसरों और सीखने के लिए समग्र दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है।

## स्पाइडरमैन

डॉ. सुरेश कुमार

**जब** से ओटीटी प्लेटफार्म आए हैं, मैं घरवालों की एक नहीं सुनता। ओटीटी पर कोई फिल्म या वेब सीरिज देखता हूँ तो सारे काम सोफे पर ही करता हूँ। खाना-पीना, लेटना, सुनना-देखना यहाँ तक कि 360 डिग्री में खुद को पलटूँगा लेकिन सोफे से टस से मस नहीं होऊँगा। हर काम सोफे पर करता हूँ। यहाँ तक कि चाय-पानी के लिए भी ऑनलाइन ऑर्डर करता हूँ। जिंदगी जब एक मिली हो तो उसमें बेफिजुल की तकलीफ वाले काम क्यों करना? मैंने हिंदी, अंग्रेजी यहाँ तक कि सब टाइटिल्स की कृपा से तेलुगु, तमिल, फ्रेंच, जर्मन, स्पैनिश सारी फिल्में देख डाली हैं। जब पैसा दिया है तब उसका पाई-पाई वसूलना किसी भी जागरूक ग्राहक का अधिकार होता है। फिर चाहे इसके लिए मेरी आँखें मेंढ़क की तरह, पेट गोल गुंबद की तरह ही क्यों न हो जाए। मैं इंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करने को तैयार रहता हूँ। अंग्रेजी की एक्शन फिल्में और उसमें भी खासकर मैन जैसे स्पाइडरमैन, बैटमैन, सुपरमैन का कहना ही क्या। दुर्भाग्य से हमारे पास एक ही मैन था वह भी शक्तिमान। जो भी हो मैं अंग्रेजों की दाद दूँगा कि वे महिला आरक्षण का पूरा ध्यान रखते हैं तभी तो उन्होंने वंडरवुमैन, बैटवुमैन जैसी फिल्में बनाईं। मुझे अंग्रेजों से कहीं शिकायत है तो उनकी सिक्वेल से। वे बाहुबली या फिर क्रिश की तरह एक-दो या तीन सिक्वेल तक नहीं रुकते। दस-पंद्रह सिक्वेल बनाते हैं। अवेंजर्स, फास्ट एंड फ्यूरियस, स्पाइडमैन, बैटमैन की न जाने कितनी सीरिज हैं। पहली न देखो तो दूसरी समझ में नहीं आती। इसलिए सभी देखनी पड़ती हैं। अंग्रेजों को रामानंद के रामायण और बीआर चोपड़ा के महाभारत में दिखाई गई शक्तियों पर संदेह होता है, जबकि उन्हें हरीपुत्तर को झाड़ू पर बैठाकर हमारी जेबों पर झाड़ू लगाने में तनिक भी संदेह न हुआ और न ही शर्म आई। मेरा सर तो तब चकराया जब मैंने स्पाइडरमैन सीरिज की स्पाइडरमैन, अमेजिंग स्पाइडरमैन और मार्वलस स्पाइडरमैन देखी।। जब सभी का काम खलनायक को मारना ही तो है, तब इतने सारे स्पाइडरमैनों की क्या जरूरत है। मैंने आखिरी बार स्पाइडरमैनः नो वे होम देखी थी।

## न्यूज फ्लैश

### सुनीता गुप्ता एंटी करप्शन इंडिया की राष्ट्रीय मुख्य निदेशक नियुक्त



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका सुनीता गुप्ता को राष्ट्रीय मुख्य निदेशक, मानवाधिकार प्रकोष्ठ नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सुनीता गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सुनीता गुप्ता के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मद्देनजर. रखते हुए प्रदेश स्तर से उनकी पदोन्नति राष्ट्रीय मुख्य निदेशक, मानवाधिकार प्रकोष्ठ के पद पर की गई है। सुनीता गुप्ता ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से निर्माण गुप्ता उपस्थित रहे।
आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां व उम्मीदवार : उत्तम सिंह

### जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने पेश की नई स्टेल्थ ड्युअल-टोन पेराक, बॉबर को मिला नया स्वरूप



**नोएडा।** जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने 2024 के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है कि फ्लैगशिप जावा पेराक को अब एक बिल्कुल नए स्टेल्थ ड्युअल-टोन पेंट स्कीम, सावधानी से किये गए ब्रास वर्क के साथ-साथ पेश किया जा रहा है, जिसमें फॉरवर्ड- सेट फुट पेग और बेहतर रियर मोनो-शॉक हैं। इसने अपनी बॉबर रेंज में भी संशोधन किए हैं, जिसका उद्देश्य है मोटरसाइकिल प्रेमियों के लिए राइडिंग के अनुभव और पहुंच को बेहतर बनाना है; जावा 42 बॉबर अब 2.09 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) की रोमांचक कीमत और नए अलॉय व्हील वेरिएंट पर उपलब्ध है।बॉबर मोटरसाइकिलें अपनी अनूठी अपील के लिए प्रसिद्ध हैं, जो स्टाइल और परफॉर्मेंस दोनों को प्राथमिकता देते हैं। जावा पेराक और जावा 42 बॉबर इस खंड में अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं। हेरिटेज कलेक्शन से 2024 का जावा पेराक अपने बेहतर फिट और फिनिश, परिष्कृत राइडिंग डायनेमिक्स और पीरियड-करेक्ट स्टाइल के साथ प्रीमियम बॉबर खंड में नए मानक स्थापित करता है।नई जावा पेराक में एक शानदार स्टेल्थ मैट ब्लैक/मैट ग्रे ड्युअल-टोन स्कीम है, जिसमें डिटेल पर बहुत ध्यान दिया गया है। इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में, जावा येज्दी मोटरसाइकिल के मुख्य कार्यकारी, आशीष सिंह जोशी ने कहा, "जावा पेराक जल्द ही हमारे सबसे अधिक बिकने वाले मॉडलों में से एक बन गया, जो भारत के बढ़ते महत्वाकांक्षी बाजार का प्रमाण है। 42 बॉबर ने इस खंड में हमारे दबदबे को और मजबूत किया। बॉबर माइंडसेट अर्जित किया गया माइंडसेट है; या तो आपके पास यह होता है या नहीं होता है।

# डीक्रस्ट के पूर्व वीसी डॉ. राजेंद्र ने प्रेरित किया, नई शिक्षा नीति से अवगत कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह) कॉलेज स्तरीय** नेशनल पाइट क्वेस्ट का खिताब इस वर्ष कुरुक्षेत्र और कैथल ने जीता है। कल्पना टीम से क्वेस्ट में भाग लेते हुए भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र के अंशुल पांचाल और आरकेएसडी कॉलेज कैथल के राघव ने एक-एक लैपटॉप और 1 लाख 83 हजार की स्कॉलरशिप जीती। यहां पाइट कॉलेज में आयोजित क्वेस्ट में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं हरियाणा सरकार में ओएसडी प्रो. डॉ.राजेंद्र कुमार अनायत मुख्य अतिथि रहे। डॉ.अनायत ने कहा कि शिक्षा के मामले में भारत इस समय में सही रास्ते पर है। हम इस समय स्किल इंडिया की बात कर रहे हैं, ताकि आत?मनिर्भर बन



सकें। नई शिक्षा नीति से छात्र-छात्राओं का समग्र विकास होगा। प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को सामने लाना और निखारना उद्देश्य है। पाइट क्वेस्ट पर उन्होंने कहा कि क्वेस्ट असल में अपनी खोज भी है। क्वेसच्शन पूछना आसान है लेकिन क्वेस्ट यानी अपनी खोज मुश्किल है। जो खुद की खोज कर लेता है, आइ यानी अहम से दूर हो जाता है, वो सफल हो जाता है। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि पाइट क्वेस्ट के माध्यम से प्रतिभाशाली बच्चों को आगे आने का अवसर मिलता है। स्कॉलरशिप के माध्यम से उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, कन्वीनर डॉ. दिनेश वर्मा मौजूद रहे।

**ये रहे परिणाम**
अंशुल और राघव प्रथम रहे। आर्यभट्ट टीम से आर्य कॉलेज पानीपत के चमन और पाइट की वर्षा ने दूसरा इनाम जीता। दोनों को एक-एक टैब और 91 हजार 500 की स्कॉरशिप। न्यूटन टीम से पाइट की चाहत और राजकीय महिला कॉलेज करनाल की तानिया तृतीय रहीं। दोनों को एक-एक टैब और 18 हजार 300 स्कॉलरशिप। कलाम टीम से आर्य कॉलेज पानीपत की पूजा एवं वैश?य महिला कॉलेज की योगिता चौथे स्थान पर रहीं। दोनों को एक-एक प्रिंटर कम स्कैनर और 18 हजार 300 की स्कॉलरशिप। आइंस्टीन टीम से डीएवी महिला कॉलेज करनाल की वंशिका एवं राजकीय कॉलेज सफीदों की कोमल पांचवें स्थान पर रहीं। दोनों को एक-एक प्रिंटर एवं 18 हजार 300 की स्कॉलरशिप। रमन टीम से आइसी कॉलेज रोहतक की साफिया एवं वैश्य महिला कॉलेज रोहतक दीपांशी छठे स्थान पर रहीं।

## 'दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनाव के दिन व्हीलचेयर की होगी व्यवस्था'



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) व चुनाव से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ बैठक ली। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिये उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव को निर्देश दिये कि चुनाव के दिन दिव्यांग मतदाताओं के लिये व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाये। हर बूथ पर दो-दो एनएसएस, एनसीसी व स्काउट्स के स्वयं सेवियों को उचित वर्दी में तैनात किया जाये जो 18 साल से कम उम्र के हों और जो दिव्यांग मतदाताओं की मतदान के लिए मदद करें। उत्तम सिंह ने सहायक निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने हलके में बूथ अनुसार दिव्यांग मतदाताओं की संख्या का पता लगायें। दिव्यांगों की सुविधा के लिये व्हीलचेयर की व्यवस्था होनी चाहिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी मतदान केंद्रों पर पीने के पानी, बिजली, फर्नीचर, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## प्रत्याशी को प्रचार-प्रसार के लिए लेनी होगी पहले अनुमतिः डीसी

**मनीष कुमार**
**अम्बालाः जिला मैजिस्ट्रेट** एवं उपायुक्त अम्बाला डा0 शालीन ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के तहत धारा 144 के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेशों के तहत राजनैतिक दलों तथा चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों को रैलियां, जनसभाएं, रोड शो, लाउडस्पीकर, विज्ञापनों इत्यादि के लिये प्रशासन से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी। जिला प्रशासन द्वारा होर्डिंग व फ्लैक्स लगाने बारे स्थान निर्धारित किये हैं तथा इन निर्धारित स्थनों पर होर्डिंग, फ्लैक्स व अन्य प्रचार सामग्री चस्पा करने की अनुमति है।

# पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को किया जागरूक

**मनीष कुमार**
**अम्बालाः पुलिस अधीक्षक** अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ व उनकी टीम ने सरकारी कॉलेज नारायणगढ, बल्यू वैल स्कूल नारायणगढ व बस स्टैण्ड नारायागढ में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/ छात्राओं/ महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया । इस कार्यक्रम के दौरान महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ



व उनकी टीम ने महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे डायल 112 एप्प बारे छात्र/ छात्राओं/ महिलाओं को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया गया। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्हह्ह के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/ छात्राओं/ महिलाओं को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं जिससे गांवों व कस्बों से आने वाली छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

## डॉ. अमित कुमार बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। दंत चिकित्सक** डॉ. अमित कुमार को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ करनाल का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। अपनी इस नियुक्ति पर डॉ. अमित कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विजय कुमार दहिया, भाजपा प्रदेश शीर्ष नेतृत्व और भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा का आभार जताते हुए उनका धन्यवाद किया। डॉ.अमित कुमार ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन पर विश्वास करते हुए जो यह जिम्मेवारी सौंपी गई है, उस पर वह खरा उतरने की कोशिश करेंगे तथा भाजपा की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए सभी कार्यकताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा पूर्व मे चिकित्सा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

# निगम ने स्वच्छ भारत मिशन व मतदान भारत मिशन को एक साथ जोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कचरे का** सही तरीके से निपटाने करेंगे और पूरी जिम्मेदारी से मतदान करेंगे, के स्लोगन को लेकर नगर निगम करनाल ने स्वच्छ भारत मिशन के साथ मतदान भारत मिशन को जोड़ दिया है, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था में लगा प्रत्येक कर्मचारी अपने मतदान का प्रयोग कर सके। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि सभी सफाई कर्मी मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, इसके लिए



उन्हें उपरोक्त कार्यक्रम के जरिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम शहर के प्रत्येक जोन में चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शहरवासी भी मतदान करने के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने बताया कि हमारा भारत देश एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है। जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर एक ऐसे व्यक्ति को चुनती है, जो देश का विकास करवाने के लिए योग्य हो और देश की बागडोर को कुशलतापूर्वक संभाल सके। उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहर कीमती होता है, क्योंकि एक वोट भी किसी सरकार को गिराने और उसे बनाने का दमखम रखता है। लेकिन आज भी कई लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का वोट अमूल्य होता है, इसलिए हर व्यक्ति को निष्पक्ष तरीके से मतदान करना चाहिए और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।
स्वच्छता गृहियों का करवाया मेडिकल चैकअप- अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा समय-समय पर स्वच्छता गृहियों का मेडिकल चैकअप करवाया जाता है, ताकि उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जा सके। उन्होंने बताया कि मंगलवार सांय सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक केन्द्र में स्वच्छता गृहियों की आंखों की रोशनी की जांच की गई।

# लोकसभा के आम चुनाव में एक्सपेंडिचर रजिस्टर मेंटेन करें अधिकारीः एसडीएम

**टीम एक्शन इडिया**
**पानीपतः**
**लोकसभा के आम** चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से करने को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित मीटिंग में एसडीएम मनदीप सिंह ने अधिकारियों को चुनाव के संबंध में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया व चुनाव में गंभीरता से कार्य करने की निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। विभिन्न पार्टियों द्वारा किए जा दे खर्च का ब्योरा एक रजिस्टर में दर्ज करना जरूरी है। उन्होंने वी वी टीम द्वारा



विभिन्न पार्टियों द्वारा किए जा रहे खर्च की सीडी तैयार करने की निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को खास तौर पर एक्सपेंडिचर टीम को गंभीरता पूर्ण कार्य करने की निर्देश दिए।
उन्होंने अधिकारियों को वी वी पैट ,सीनियर सिटीजन के लिए क्या तैयारी की गई है के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

# 34 घंटे के बाद इंटरनेट सेवाएं हुई शुरू, जमा हुआ 22 हजार क्विंटल गन्ना

**परेशानी**

**8 बीएसएनएल की सेवाएं तकनीकि खराबी के चलते बाधित हो गई थी। जिसके चलते एप बंद हो गया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सोनीपत सहकारिता** चीनी मिल में 34 घंटे के बाद इंटरनेट सेवाएं फिर से शुरू हो गई। जिसके बाद गन्ना उत्पादकों के साथ-साथ मिल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। मिल में बीएसएनएल की तरफ से स्थापित इंटरनेट सेवाएं दी जा रही है। जोकि तकनीकि खराबी के चलते बंद हो गई थी। जिसके कारण किसानों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ी। बता दें कि दी सहकारिता चीनी मिल में कुशल प्रोग्राम की बदौलत मिल में 80 प्रतिशत सेवाएं इंटरनेट के जरिए उपलब्ध करवाई जा रही है। चीनी मिल प्रदेश के हाईटेक चीनी मिलों में अपना अग्रणी स्थान रखता है। जिसमें गन्ना उत्पादकों के लिए ऑनलाइन प्रणाली मिल का पत्थर तक साबित हो रही है। प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों के लिए पर्ची जारी करने से लेकर टोकन बुकिंग तक की प्रक्रिया किसान ऑनलाइन तरीके से उपलब्ध करवाई जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए मेरी पर्ची-मेरी मर्जी जैसी योजनाएं भी लागू की गई है। जिससे घर बैठे किसान अपने गन्ने का टोकन बुक करने के साथ पर्ची को अपनी मर्जी से ले सकते है। मिल प्रबंधन की तरफ से दी जा रही उक्त सेवाओं पर इंटरनेट की खराबी ने ग्रहण लगा दिया है। रविवार रात को इंटरनेट सेवाएं बाधित होने के कारण मिल की ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह से ठप्प पड़ गई थी। मिल प्रबंधन की तरफ से बीएसएनएल को शिकायत की गई थी। मंगलवार सुबह 11 बजे इंटरनेट सेवाएं बहाल हो पाई। जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली। वहीं चीनी मिल में मौजूदा पेराई सत्र के दौरान अब तक 26 लाख 10 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में मिल प्रशासन द्वारा 19319 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई। मिल प्रशासन ने चंद दिनों पहले करवाए गए सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सोनीपत चीनी मिल क्षेत्र में अभी करीब 2 लाख क्विंटल से अधिक गन्ना बचा हुआ है। मिल प्रशासन ने 20 अप्रैल तक बच्चे हुए गन्ने की पेराई प्रक्रिया पूरी करने की रुपरेखा तैयार की है।

**टोकन प्रक्रिया पड़ गई थी ठप, यार्ड में जमा हुआ-**
चीनी मिल प्रशासन द्वारा यार्ड में लगने वाली जाम की समस्या के समाधान के लिए मौजूदा पेराई सत्र में एडवांस टोकन बुकिंग सिस्टम लागू किया है। जिसके अंतर्गत किसान ऑनलाइन तरीके से ही अपने टोकन की बुकिंग घर बैठे ही कर लेता है। जिस समय उसका टोकन नम्बर नजदीक पहुंचता है, किसान अपना गन्ना लेकर मिल की तरफ रवाना हो जाता है। लेकिन 34 घंटे तक इंटरनेट बंद होने के कारण अग्रिम टोकन पंजीकरण सिस्टम भी बंद रहा। ऐसे में किसानों को अपना टोकन लगवाने के लिए गन्ने के साथ सोनीपत चीनी मिल यार्ड में पहुंचना पड़ा। जिसके चलते 22 हजार क्विंटल गन्ना यार्ड में जमा हो गया। हालांकि बाद में इंटरनेट की बहाली और सिस्टम चालू होने से करीब 4 हजार क्विंटल गन्ने की किसानों ने दोपहर के 2 बजे तक ही बुकिंग कर ली। इंटरनेट सेवाएं बंद होने के चलते ऑनलाइन प्रक्रिया पर प्रभाव देखने को मिला था। बीएसएनएल की सेवाएं तकनीकि खराबी के चलते बाधित हो गई थी। जिसके चलते एप बंद हो गया था।

# जिला उपायुक्त ने अनाज मंडियों का किया औचक निरीक्षण

**आवक**

**8 शहर के सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग स्थित नई अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की आवक व खरीद जारी रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शहर के सोनीपत-खरखौदा** सड़क मार्ग स्थित नई अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की आवक व खरीद जारी रही। मंगलवार को सोनीपत व खरखौदा अनाज मंडी का जिला उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने औचक निरीक्षण किया। मंडी में अधिकारियों के साथ पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने फसल की आवक के साथ खरीद, उठान और निर्धारित सीमा में भुगतान करने के निर्देश दिए। मंडियों व खरीद केंद्रों में 152 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। पंजीकृत किसानों की 36 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। सोनीपत अनाज मंडी में मंगलवार को सरसों व गेहूं की सरकारी खरीद जारी रही। हरियाणा वेयरहाउस कारपोरेशन की ओर से 1980 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। साथ ही गेहूं की खरीद प्रक्रिया देर शाम तक जारी रही। वहीं खरखौदा अनाज मंडी में गेहूं की आवक नहीं हुई। हरियाणा वेयरहाउस कारपोरेशन की ओर से 2190 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। मंगलवार दोपहर उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार सोनीपत अनाज मंडी में पहुंचे। मंडी में 22 हजार मीट्रिक टन गेहूं आने की संभावना है। जहां उन्होंने सीधे गेट पास जारी करने की जांच की। उन्हें बताया गया कि सरसों के 87 व गेहूं के 51 गेट पास जारी किए गए हैं। इसके बाद उपायुक्त ने गेहूं की ढ़ेरियों के साथ गेहूं की जांच भी की। नमी जांचते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि झरना अवश्य लगाएं। किसानों को भी साफ गेहूं लाना चाहिए। उपायुक्त ने मंडी में पेयजल के साथ शौचालय इत्यादि सुविधाओं की पड़ताल की। बिजली व्यवस्था की मांग पर उन्होंने तुरंत स्वीकृति दी। मंडी के शेड व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह फसल खरीद के साथ उठान की व्यवस्था करें। उन्होंने आढ़तियों तथा किसानों से बात करके सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके बाद उपायुक्त ने खरखौदा अनाज मंडी में फसलों की आवक, खरीद व उठान के साथ किसानों को भुगतान की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से बात करते हुए सुविधाओं का जायजा लिया।

**मंडी में 7051 क्विंटल में से 4214 क्विंटल बिका गेहूं-**
गोहाना अनाज मंडी में गेहूं की आवक जारी है, लेकिन दो दिन से खरीद शुरू न होने के कारण किसानों को परेशानी हो रही है। अधिकारी गेहूं में नमी की मात्रा ज्यादा बताकर खरीद करने से इंकार कर रहे है। मंडी में अब तक 12 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। ऐसे में किसानों को मंडी से फसल डालने के बाद वापस लौटने को मजबूर होना पड़ रहा है। गन्नौर स्थित अनाज मंडी में मंगलवार को गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हुई। हैफेड की ओर से मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग की मौजूदगी में गेहूं की खरीद की। इस दौरान 7051 क्विंटल में से 4114 क्विंटल गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया। सचिव दीपक सुहाग ने कहा कि मंडी में गेहूं लेकर आने वाले किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। जिले की मंडियों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो उसके लिए संबंधित विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश पहले ही दिए जा चुके है।

# छात्राओं द्वारा प्रवेश उत्सव के तहत गांव में निकाली गई रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**राजकिय** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाना के छात्राओं द्वारा प्रवेश उत्सव के तहत गांव में एक रैली निकाली गई गांव वालों को सरकारी स्कूल में बच्चों को प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर ज्यादा से ज्यादा प्रवेश करवाने का संदेश दिया गया और अध्यापकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकल गई ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान में अधिक से अधिक मतदाता भाग लेने के लिए आग्रह किया गया



लोकतंत्र में वोट के महत्व के बारे में बताया गया है मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर पर प्राचार्य सीमा बजाज एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे।

# सीएम केजरीवाल को हाईकोर्ट से लगा झटका

## आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपने वकील से ज्यादा समय तक मिलने देने की अनुमति देने की मांग खारिज

**मुशिकलें बढ़ी**

8 उनके साथ उस व्यक्ति की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता जिसके खिलाफ एक मामला हो: वकील

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपने वकील से ज्यादा समय तक मिलने देने की अनुमति देने की मांग खारिज दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह फैसला सुनाया। केजरीवाल की ओर से पेश वकील ने सुनवाई के दौरान कहा था कि हम किसी और राहत की मांग नहीं कर रहे हैं बल्कि जो मुकदमे अदालतों में चल रहे हैं उन मामलों के लिए वकीलों से अतिरिक्त मुलाकात करने की मांग कर रहे हैं। जांच एजेंसी सिर्फ संभावना के आधार पर पांच लीगल मुलाकात का विरोध कर रही है। केजरीवाल के वकील ने यह भी कहा था कि उनके साथ उस व्यक्ति की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता जिसके खिलाफ एक मामला हो। उन पर छह अलग-अलग राज्यों में 30 से अधिक मामले दर्ज हैं। केजरीवाल की ओर से कहा गया था कि अगर ईडी को वकीलों से मुलाकात पर आपत्ति है तो फिर इनको उन दो लीगल मुलाकात का भी विरोध करना चाहिए। ईडी ने कहा था कि केजरीवाल जेल के अंदर से सरकार चलाना चाहते हैं। उनकी इस लीगल मीटिंग का दूसरी चीजों के लिए गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। उनकी अतिरिक्त लीगल मुलाकात मांगे जाने का एकमात्र कारण यह है कि जेल से उनको सरकार चलाना मुश्किल हो रहा है। वह अपने वकीलों के जरिए मंत्रियों तक संदेश पहुंचा सकें। ईडी ने कहा था कि मुख्यमंत्री को अपने वकील से मिलने का पूर्ण अधिकार नहीं हो सकता। केजरीवाल की याचिका में कहा गया था कि कोर्ट ने हफ्ते में दो बार वकील से मिलने की अनुमति दी है। ये उनके लिए पर्याप्त नहीं है। वकील से हफ्ते में पांच बार मिलने की अनुमति दी जाए। उल्लेखनीय है कि 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने देरशाम को उन्हें पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।





### तिहाड़ में केजरीवाल और भगवंत की मुलाकात से पहले होगी सुरक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात से पहले तिहाड़ जेल प्रशासन और पंजाब पुलिस के अधिकारियों के बीच सुरक्षा बैठक होगी। बैठक 12 अप्रैल को तिहाड़ जेल मुख्यालय में 11 बजे होगी। तिहाड़ जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों मुख्यमंत्री की मुलाकात के लिए सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। इसी को लेकर बैठक रखी गई है। बैठक तिहाड़ जेल के डीआईजी (प्रिजन) और पंजाब पुलिस के एडिशनल जनरल डायरेक्टर के बीच होगी। इसमें मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके बाद ही तय हो पाएगा कि भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल कब मिल सकते हैं। जनसंपर्क अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री की जेल में किसी से होने वाली मुलाकात को तिहाड़ जेल नियमों के आधार पर तय किया जाता है। उन्होंने कहा कि बैठक में यह तय किया जाएगा कि किस तरह दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री की सुरक्षा बनी रहे, तभी यह मुलाकात संभव हो पाएगी।

# सीएम को जेल में हिटलरशाही से रखना चाहती है: संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि तीन बार प्रचंड बहुमत से जीते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा सरकार जेल में हिटलरशाही से रखना चाहती है। तिहाड़ जेल को गैस चैंबर में तब्दील करना चाहती है। सिंह ने कहा कि दो दिन पहले अरविंद केजरीवाल अपने वकीलों से मिले और संदेश भिजवाया कि विधायक अपने इलाके में जाएं और उनका ख्याल रखें, उन्होंने पूछा कि अब एक मुख्यमंत्री ये भी नहीं कह सकते ? अरविंद केजरीवाल की जांच बिठा दी गई है और कहा गया कि ऐसी बातें करेंगे तो परिवार से भी मुलाकात बंद हो जाएगी। अब वो अपने परिवार से मां बाप का हाल भी नहीं ले सकते? अपने वकीलों से बात नहीं करेंगे तो कानूनी लड़ाई कैसे लड़ेंगे। संजय सिंह ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को मुफ्त सुविधाएं दी उनका ख्याल रखा इसकी सजा मिल रही है। सांसद ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल अपने वकीलों से मिलते हैं तो 8/10 पुलिस वाले घेर कर खड़े हो जाते हैं, जबकि कानून के मुताबिक अरविंद केजरीवाल और उनके वकील की बातें कोई सुन भी नहीं सकता। उल्लेखनीय है कि आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने वाले थे।




**साधा निशाना**

8 भाजपा सरकार जेल में हिटलरशाही से रखना चाहती है। तिहाड़ जेल को गैस चैंबर में तब्दील करना चाहती है।

# 'आप' दफ्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं का जोरदार विरोध-प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन जारी है। सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा ईडी की कार्रवाई को सही ठहराने के बाद भाजपा लगातार आप और अरविंद केजरीवाल पर हमलावर है। इसी कड़ी में बुधवार को आज दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आप मुख्यालय को घेर लिया है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है।भाजपा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तुरंत इस्तीफे की मांग कर रहे है। भाजपा को प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने आप के दफ्तर के बाहर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा सख्त कर दी है। दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामला के खिलाफ प्रदेश भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर वीरेंद्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने आपको कट्टर ईमानदार कहते थे, वो आज खुद भ्रष्टाचार में मामले में जेल में बंद है।



# आप की छात्र विंग कॉलेजों में शुरू करेगी हस्ताक्षर अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल** की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी की छात्र विंग, 'छात्र युवा संघर्ष समिति' ने दिल्ली के सभी कॉलेजों में मशाल मार्च निकालने का ऐलान किया है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की छात्र विंग ने दिल्ली के सभी कॉलेजों में हस्ताक्षर अभियान चलाने का भी ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी की छात्र विंग गुरुवार से दिल्ली के सभी कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करेगी। हस्ताक्षर अभियान के द्वारा 'आप' छात्र युवा नेता कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के बारे में अवगत कराएंगे। छात्र नेता उनको बताएंगे कि किस तरीके से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा ने षड्यंत्र कर के सलाखों के पीछे बंद कर दिया है।

**अभियान**

8 छात्र युवा नेता छात्रों को अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के बारे में अवगत कराएंगे

# '14 को पूरे देश में संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ रैली करेगी आप'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर बुधवार को आम आदमी पार्टी की अहम बैठक हुई। यह बैठक मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के नेतृत्व में हुई। दरअसल, सुनीता केजरीवाल मंगलवार को अरविंद केजरीवाल से मिलीं थी। उन्होंने मीटिंग में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को केजरीवाल का संदेश दिया। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने आगामी 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर पूरे देश में संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ रैली करने को कहा है। जानकारी के अनुसार, बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय सहित कई लोग मौजूद रहे। ऐसा पहली बार हुआ, जब सुनीता केजरीवाल किसी चुनावी बैठक में शामिल हुईं। वाल को शराब नीति केस में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।



**अरविंद केजरीवाल ने जेल से दो संदेश भिजवाए:** किसी भी परिस्थिति में दिल्ली के लोगों के लिए पार्टी और सरकार को सेवा जारी रखनी है। सभी विधायक जनता के साथ जुड़कर उनके सुख दुख में खड़े हों और उनकी हर समस्या का समाधान करें। केजरीवाल ने जेल से दूसरा संदेश भिजवाया है कि तानाशाह सरकार के हर अत्याचार को बर्दाश्त करने के लिए तैयार हैं।

# उभरते कंटेंट को लेकर डीयू डीएसजे में कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सोशल मीडिया में उभरते कंटेंट को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीएसजे) में बुधवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएसजे के निदेशक प्रो. जय प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में राइज ऑफ सोशल मीडिया इमर्जिंग कंटैंट्स एंड रिप्रजेंटेशन्स विषय पर आयोजित कार्यशाला का नेतृत्व एनडीटीवी के वरिष्ठ संपादक हिमांशु शेखर ने किया। इस दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए हिमांशु शेखर ने आपदा कवरेज, एथिकल रिपोर्टिंग, पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता, दृश्यों का जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग और अटकलों से तथ्यों को अलग करने की अनिवार्यता जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया और कंटेंट पर कोविड के प्रभाव और ग्राउंड रिपोर्ट में आने वाली कठिनाइयों पर पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने कहा कि उस दौर में भी कठिनाइयों के बावजूद पत्रकार अपने काम में काफी समझदार और जिम्मेदार रहे। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से कठोर अनुसंधान और तथ्यात्मक सटीकता के आधार पर मीडिया कंटेंट्स एंड रिप्रजेंटेशन की आवश्यकता पर जोर देते हुए डिजिटल और सोशल मीडिया क्षेत्रों में अनुकूलनशीलता के महत्व को रेखांकित किया।

**प्रकाश डाला**

8 अटकलों से तथ्यों को अलग करने की अनिवार्यता जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला

# 'गवाहों को प्रताड़ित कर उनके बयान बदलवाए गए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि संजय सिंह के मामले में भी हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली थी, लेकिन उन्हीं दलीलों पर सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली थी। ये अक्सर देखा जाता है कि जिला कोर्ट का फैसला हाईकोर्ट पलट देता है और हाईकोर्ट के फैसलों को सुप्रीम कोर्ट पलट देता है। जो बातें सरकारी गवाहों के बारे में हाईकोर्ट ने कही थीं, वही बातें संजय सिंह जी के फैसले में 7 फरवरी 2024 को कही गईं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें नहीं मानी और संजय सिंह को राहत दी। सौरभ भारद्वाज ने कहा दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाले में अब तक जो कुछ भी हुआ है उसको देखकर यह कहा जा सकता है कि यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं बल्कि यह मामला हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास का सबसे बड़ा षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि यह मामला इस देश के अलग-अलग राज्यों से सबसे अधिक सीटों के साथ जीतकर आने वाले मुख्यमंत्री में अव्वल नंबर पर आने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को, उनकी पार्टी के नेताओं को और दिल्ली और पंजाब में स्थापित आप की सरकार को कुचलना और नष्ट करने का षड्यंत्र है। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक इस पूरे मामले में हमने देखा कि पहले हजारों करोड़ के घोटाले की बात होती थी, फिर वह सैकड़ों करोड़ के घोटाले पर आ गई और उसके बाद 100 करोड़ रुपये के घोटाले पर आ गई। लेकिन आज तक इस पूरे मामले में ईडी एक रुपये की भी बरामदगी नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि जब करोड़ों रुपये की हेरफेर हो और एक रुपये की भी बरामदगी न हो तो इस जांच पर बड़े सवाल खड़े होते हैं। सौरभ भारद्वाज ने इस मामले में जो गवाह हैं उनकी गवाही पर बात करते हुए कहा कि बार-बार लगातार यह बात कही जा रही है कि इस मामले में जो गवाह है उन्हें मारा गया, पीटा गया, धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके पिछले बयानों को हटाकर नया बयान देने के लिए मजबूर किया गया।

इस मामले के एक गवाह चंदन रेड्डी पर बात करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दायर की थी और उसमें इस बात की शिकायत की थी कि उन्हें अपना बयान बदलने के लिए इतना पीटा गया कि उनके दोनों कानों के पर्दे फट गए।



**आरोप**

8 यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं बल्कि यह मामला हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास का सबसे बड़ा षड्यंत्र है

# मार्टिन के खिलाफ लॉन्ड्रिंग के एक मामले पर कोर्ट ने लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट** ने लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले पर रोक लगा दी है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने केरल के एनार्कुलम की स्पेशल कोर्ट की ओर से 16 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली मार्टिन की याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। एनार्कुलम की स्पेशल कोर्ट ने ईडी की ओर से दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई स्थगित रखने के लिए मार्टिन की याचिका खारिज कर दी थी। मार्टिन की ओर से पेश वकील आदित्य सोंधी और रोहिणी मूसा ने कहा कि स्पेशल कोर्ट को यह विचार करना चाहिए था कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई पहले से चल रहे मामले में ट्रायल पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विजय मदनलाल चौधरी मामले में वर्ष 2022 के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत कार्रवाई एक बार मामले में बरी होने या आरोप मुक्त होने के बाद जारी नहीं रखी जा सकती है।

**नोटिस जारी**

8 बेंच ने आदेश को चुनौती देने वाली मार्टिन की याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है

# पांच लाख की उगाही के लिए चार साल की बच्ची को अगवा कर पड़ोसी ने की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोती नगर इलाके में पांच लाख की उगाही के लिए पड़ोसी युवक ने चार साल की बच्ची को अगवा कर उसकी हत्या कर दी। सीसीटीवी कैमरे और तकनीकी जांच के जरिए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव उसके कमरे से बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अगवा कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। चार साल की बच्ची अपने परिजनों के साथ चारा मंडी जखीरा की झुग्गी में रहती थी। उसके पिता का रेहड़ी पर मुर्गा बेचता है। पीड़ित परिवार ने मोती नगर थाने में चार साल की बेटी के गायब होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि बच्ची शाम को घर के बाहर खेल रही थी। अचानक वह वहां से गायब हो गई। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस की कई टीम बना कर बच्ची की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने बच्ची के घर के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को कब्जे में कर लिया। साथ ही इलाके के व्हाट्सएप ग्रुप पर बच्ची की जानकारी दी गई और लोगों से इससे संबंधित जानकारी देने के लिए कहा गया। पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि मंगलवार सुबह बच्ची के पिता के एक पड़ोसी के पास फिरौती को लेकर फोन आया। आरोपी ने बच्ची के उसके कब्जे में होने की बात कही और बतौर फिरौती पांच लाख रुपये की मांग की। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की। तकनीकी जांच में पड़ोस में रहने वाले 30 साल के युवक अजीत पर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। लेकिन वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। पुलिस ने उसका इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से सामना कराया। इसके बाद आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।




# क्यों नहीं टिकीं कोर्ट में सीएम अरविंद केजरीवाल की दलीलें ?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शराब नीति के कथित घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल कोई राहत नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। अब केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि याचिका पर सोमवार से पहले सुनवाई नहीं हो सकती। इससे पहले अदालत में प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देने का कड़ा विरोध किया। वहीं केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पैरवी की और उन्हें राहत देने की मांग की। सिंघवी ने लोकसभा चुनाव से जोड़ते हुए आप नेता की गिरफ्तारी के समय पर भी सवाल उठाए। हालांकि, अदालत ने तमाम दलीलों को खारिज कर दिया।




**केजरीवाल का तर्क लोकसभा चुनाव से पहले गिरफ्तारी:** याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत के सामने तर्क दिया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का समय सीधे तौर पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में 'समान अवसर' यानी लेवल प्लेयिंग फील्ड को प्रभावित करता है। सिंघवी ने आगे तर्क दिया कि समान अवसर 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' का हिस्सा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का समय सीधे तौर पर पूरे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के समान अवसर को बाधित करता है क्योंकि वह प्रमुख विपक्षी दल यानी आम आदमी पार्टी के सदस्य हैं। उनकी गिरफ्तारी सीधे तौर पर आगामी लोकसभा चुनावों में प्रचार करने के उनके अधिकार का उल्लंघन करती है। इसके अलावा गिरफ्तारी का समय यह सुनिश्चित करता है कि केजरीवाल लोकतांत्रिक गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते हैं। मतदान से पहले ही उनकी पार्टी को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सिंघवी ने तर्क दिया कि ईडी द्वारा केजरीवाल के खिलाफ जारी किया गया पहला समन अक्तूबर 2023 में था और उन्हें 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया गया। यह दुर्भावना से भरा है और यह सीधे बुनियादी ढांचे और समान अवसर को नुकसान पहुंचाता है। फैसला सुनाते हुए जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा ने अपने आदेश में कि याचिकाकर्ता (अरविंद केजरीवाल) को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया है और उन्हें विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। ईडी की ओर से किसी भी तरह की दुर्भावनापूर्ण मंशा के अभाव में इस तर्क को स्वीकार करने का मतलब यह होगा कि यदि केजरीवाल को अक्तूबर 2023 में ही गिरफ्तार किया गया होता तो उनकी गिरफ्तारी को दुर्भावनापूर्ण आधार पर चुनौती नहीं दी जाती क्योंकि उस समय चुनाव घोषित नहीं हुए थे।

**तल्ख टिप्पणी**

8 सिंघवी ने लोकसभा चुनाव से जोड़ते हुए आप नेता की गिरफ्तारी के समय पर भी सवाल उठाए

# 20 लाख रुपये के साथ दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कनाट प्लेस थाना पुलिस ने सोमवार रात कनाट प्लेस इनर सर्किल में मेट्रो गेट नंबर पांच के पास जीप कम्पास सवार दो शख्स को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 20 लाख रुपये बरामद किए हैं। कनाट थाने में तैनात एक हवलदार की सूचना पर दोनों को दबोच लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद नई दिल्ली जिला पुलिस ने आयकर विभाग को दोनों शख्स को सौंप दिया।

**कनाडा भेजी जानी थी रकम:** इसकी सूचना चुनाव आयोग को भी दे दी गई है। जांच से पुलिस को अंदेशा है कि बरामद की गई रकम हवाला की हो सकती है, जो एक ट्रेवल एजेंट के जरिये कनाडा भेजी जानी थी। हवाला कारोबारियों के तार हरियाणा व कनाडा से जुड़े हुए हैं। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर कनाट प्लेस थाना पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। बाइक सवार पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। सोमवार रात करीब साढे आठ बजे गश्त के दौरान ही हवलदार प्रदीप को सूचना मिली कि कुछ लोग हवाला की रकम लेकर मेट्रो गेट नंबर पांच के पास आने वाले हैं। एसएचओ संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने वहां जांच शुरू कर दी। कुछ ही देर में वहां हरियाणा नंबर की जीप कम्पास से दो शख्स पहुंच गए। वे लोग जीप कम्पास से नीचे उतर कर रुपयों से भरा बैग लेकर किसी शख्स के आने का इंतजार करने लगे।

**आरोपितों के पास 10 रुपये का नोट मिला:** तभी पुलिसकर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर 20 लाख रुपये बरामद हुए। पूछताछ से पता चला कि दोनों शख्स हरियाणा के रहने वाले हैं और ट्रेवल एजेंट के व्यवसाय से जुड़े हैं। इन्हें किसी शख्स को उक्त रकम देने को कहा गया था। इनके पास से एक दस रुपये का नोट बरामद हुआ, जिसपर किसी व्यक्ति का हस्ताक्षर था।

**हवाला**

8 बरामद की गई रकम हवाला की हो सकती है, जो एक ट्रेवल एजेंट के जरिये कनाडा भेजी जानी थी

# चुनावों को लेकर एडीसी ने अधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः 18वें लोकसभा** आम चुनाव के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप एक्टीविटी की नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में एडीसी कार्यालय के कॉन्फ्रैंस हाल में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर की एक बैठक ली गई। बैठक के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को चुनाव के तहत पेपर वर्क, ईवीएम मशीन के साथ-साथ चुनाव से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया और उनके जो भी चुनाव डयूटी से सम्बन्धित प्रश्न थे उनका भी उत्तर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाने के लिए सभी की जिम्मेवारी है।





चुनाव के तहत जो भी जिम्मेवारी एवं डयूटी लगी है, सम्बन्धित अपनी डयूटी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करना सुनिश्चित करे। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत सभी कार्य किए जाने है। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को कहा कि आज प्रशिक्षण के दौरान उन्हें जो प्रशिक्षण दिया गया है, उसे आगे वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के तहत चुनाव डयूटी में लगे पोलिंग पार्टी, एपीओ, प्रोजाईडिंग ऑफिसर के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित को देना सुनिश्चित करें ताकि चुनाव से जुड़ी हर प्रक्रिया के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी हो और सभी के सहयोग से चुनाव का बेहतर तरीके से सफतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता ने जिला स्तरीय इस बैठक में लगभग 60 मास्टर ट्रेनरों को चुनाव से जुड़ी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान पेपर वर्क व ईवीएम मशीन से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सम्बन्धित मास्टर ट्रेनर को यह भी कहा कि गया कि जो प्रशिक्षण उन्हें दिया गया है वे आगे अपने चुनाव डयूटी से सम्बन्धित स्टाफ को देना सुनिश्चित करें। बैठक में मास्टर ट्रेनर के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नेशनल हाइवे पर बलड़ी गांव के पास रोडवेज की बस में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नेशनल हाईवे** पर बलडी बाइपास के पास हरियाणा रोडवेज की एक बस में अचानक आग लग गई। बस गुरुग्राम डिपो की थी, जो चंडीगढ़ से दिल्ली की तरफ जा रही थी। गनीमत रही कि इस दौरान बस में कोई सवारी नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। बस में सबसे पहले टायर में आग लगी। देखते ही देखते आग डीजल टैंक तक पहुंची। जैसे ही डीजल टैंक तक आग पहुंची तो जोरदार धमाका हुआ। इस दौरान बस में आग लगने से एक के बाद एक 4 बार धमाके हुए। जीटी रोड पर बस में लगी आग की वजह से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद सुनहरा सिंह ने बताया कि बस में ड्राइवर और कंडक्टर था।



जैसे ही वह बस से उतरे और मिस्त्री के पास गए तो बस के टायर में अचानक आग लग गई। इसके बाद उसने तुरंत दमकल विभाग व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 2 गाडि?ां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। बस ड्राइवर ने बताया कि वह चंडीगढ़ से दिल्ली से तरफ जा रह थे। अचानक बस के ब्रेक में दिक्कत आ गई, जिसके कारण सभी सवारियों को बस से उतार दिया गया। इसके बाद वह पास में ही स्थित गैरेज पर गए। जब वह मिस्त्री से बात कर बाहर आए तो बस में आग लगी हुई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सदर थाना के प्रभारी राजपाल ने बताया कि वह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे। बस में कोई सवारी नहीं थी।

## न्यूज फ्लैश

### प्रिंट मीडिया में विज्ञापन हेतु प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य

**मनीष कुमार**



**अम्बालाः भारत निर्वाचन** आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एससीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन ने बताया कि जिला में 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए मतदान से पहले 24 मई व मतदान के दिन 25 मई के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार प्रस्तावित विज्ञापन का प्रमाण पत्र अवश्य लें। अन्यथा यह आदर्श आचार सहिंता की अवहेलना मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा। विज्ञापन प्रमाणित कराने के लिए विज्ञापन छपवाने व प्रसारित करने की तिथि से दो दिन पहले एमसीएमसी के पास निर्धारित प्रोफार्मा में जमा कराना होगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में निर्देशन में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एमसीएमसी पूरी गंभीरता से अपना कार्य कर रही है। पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए स्पेशल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है । उन्होंने कहा कि स्वतंत्र व निपक्ष चुनाव संपन्न करवाने में नागरिक सबसे अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। नागरिक जितना सजग होता है व लोकतंत्र उतना ही मजबूत होता है।

### अनिल कपूर और सोनम कपूर ने #HomeTeam में साझेदारी के महत्व पर जोर दिया और एरियल के सवाल

**एरियल** की नवीनतम फिल्म, 'होमटीम #HomeTeam में ध्यान घरेलू टीम के गठन पर है और घरेलू कार्यों को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में पुनरावृत्ति कर रही है। यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न आयशा की कहानी के माध्यम से पुरुषों के लिए उठता है, जो अपने करियर और घरेलू जिम्मेदारियों को संतुलित करने का प्रयास कर रही हैं। आईशा की सिंगापुर की कार्य यात्रा के लिए जाने के बारे में उनकी चिंता, महिलाओं के लिए एक सामान्य दुविधा को दर्शाती है, जो अक्सर अपने साथियों की योग्यता के बारे में चिंतित होती हैं जब वे अनुपस्थित होती हैं। इस अभियान के लॉन्च कार्यक्रम में एक प्रतिष्ठित पैनल शामिल हुआ, जिसमें बॉलीवुड आइकन अनिल कपूर, अभिनेत्री सोनम कपूर, पी एंड जी इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मुक्ता माहेश्वरी और उपाध्यक्ष - फैब्रिक केयर, पी एंड जी भारतीय उपमहाद्वीप; और जोसी पॉल, बीबीडीओ इंडिया के अध्यक्ष और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर शामिल थे । पैनलिस्ट ने वास्तविक साझेदारी और घरेलू कामों में समान भागीदारी के महत्व के बारे में व्यक्तिगत किस्से और अनुभव साझा किए। आनंद आहुजा, सोनम कपूर के पति, सोनम के द्वारा इवेंट में शामिल होने के दौरान घरेलू जिम्मेदारियों का सक्रिय रूप से ध्यान रखकर सच्ची साझेदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। भले ही शारीरिक रूप से मौजूद न होने के बावजूद, आनंद वीडियो कॉल के माध्यम से शामिल हुए और सोनम को यह आश्वासन दिया कि घर पर सब कुछ उनके नियंत्रण में है। उनके कार्यों ने साझा जिम्मेदारियों और सच्ची टीमवर्क के महत्व को प्रमुखता दी, जो रिश्ते में दोनों साथियों को पेशेवर और घरेलू कर्तव्यों को संतुलित करने में में एक-दूसरे का समर्थन कर सकते हैं। अभियान के लॉन्च इवेंट में, अनिल कपूर ने लिंग भूमिकाओं के बदलते गतिविधि और संबंधों में वास्तविक साझेदारी के महत्व पर एक बहुत अच्छा संदेश दिया। अपने खुद के सफर को विचार करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, "मेरे सफर में, मैंने लिंग भूमिकाओं के विकास को देखा है और संबंधों में सहयोग और वास्तविक टीमवर्क के महत्व को महसूस किया है। सुनीता, मेरी पत्नी, समान साझेदार रही हैं, जिन्होंने संवेदनशील समर्थन और समझदारी का प्रदर्शन किया है।" हमारी साझेदारी समझौते और साझा जिम्मेदारियों के आधार पर बनी है। सोनम और आनंद, या रिया और करण जैसे जोड़ों को वास्तविक साझेदारी के लोकाचार को अपनाते हुए देखना घर पर टीम वर्क की शक्ति में मेरे विश्वास की पुष्टि करता है।

# बराड़ा में एडीसी ने बीएलओ व मतदान को लेकर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अतिरिक्त** उपायुक्त महोदया,अम्बाला अपराजिता के मार्गदर्शन में खंड बराड़ा के अंतर्गत लॉर्ड कृष्णा ऑफ एजुकेशन कॉलेज के सभागार में सर्व बी० एल० ओ० की बूथ एवं मतदान से सम्बंधित बारे विस्तृत चर्चा सहित बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपमंडल अधिकारी संग सहायक रिटर्निंग अधिकारी बराड़ा, बिजेंद्र सिंह हुड्डा, तहसीलदार विनती, जिला शिक्षा अधिकारी अम्बाला सुरेश कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी बराड़ा प्रमोद कुमार राणा व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे ' बैठक का शुभारंभ राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा की छात्राओं के माध्यम से "अपना मत,



अपना अधिकार" पर एक बेहतरीन स्किट प्रस्तुत की गई जिसने सभी अधिकारी गण व बी०एल०लो० का दिल जीत लिया व खूब सराहा गया ' जिला शिक्षा अधिकारी बराड़ा सुरेश कुमार द्वारा सर्व बी०एल०लो० को निर्देश दिए कि अपने-अपने बूथों पर पोलिंग पार्टियों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं की प्रशासन की ओर बेहतर तैयारी करवाई गई है जिसमें आप सभी ने अपना नैतिक कर्त्तव्य का बेहतरीन तरीके से निर्वहन करना है ' साथ-ही-साथ डी ई ओ साहब ने अपने-अपने स्कूलों में अधिक-से-अधिक मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग करवाने हेतु '"स्वीप" मुहिम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने अधिकार क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों को सचेत करवाने हेतु आहवान किया गया ओर अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी सर्व बी०एल०लो० को अवगत करवाया गया ' तहसीलदार बराड़ा विनती द्वारा विभिन्न ऐप्प सिविजिल, वोटर क्यू, वोटर हैल्प लाइन व नो योर कैंडिडेट्स इत्यादि ऐप्प पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण तबके को ज्यादा-से-ज्यादा वोट डालने हेतु प्रेरित किया गया ' उपमंडल अधिकारी संग सहायक रिटर्निंग अधिकारी बराड़ा बिजेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा प्रशासन की ओर से प्रदान करवायी जाने वाली हर प्रकार से सहायता हेतु सभी बी०एल०लो० को आश्वस्त किया गया।

# घर बैठे डाउनलोड करें फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्डः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। डीसी ने कहा कि अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से



अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है।

# स्वस्थ और निरोग रहने के लिए योग का बहुत महत्वः दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। स्वास्थ्य** के प्रति लोगों को जागरूक करने के लक्ष्य के साथ करनाल के प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी पिछले 20 वर्षों से लगातार कार्य कर रहे हैं और वे इसमें सफल भी रहे हैं उनके द्वारा मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत आज शहर के विभिन्न स्थानों पर योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इन कक्षाओं में से एक फव्वारा पार्क सेक्टर 12 योग कक्षा में उन्होंने आज प्रातः योग सत्र करवाया। इस दौरान दिनेश गुलाटी ने बताया कि स्वस्थ और निरोग रहने के लिए जिंदगी में योग का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि योग स्वास्थ्य की कुंजी है और निरोग रहने का सर्वश्रेष्ठ साधन है।

कक्षा में योग साधकों ने सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास करते हुए उसका लाभ उठाया।

# भाकियू की मासिक बैठक में किसानों से सर्वसम्मति से किए प्रस्ताव पारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः भारतीय किसान** यूनियन (अ) के जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में किसानों की बैठक हुई। बैठक में किसानों ने विभिन्न प्रस्ताव पारित किए। प्रथम प्रस्ताव में गांव लड़ौली से लल्हेड़ी तक अूटे हुए सड़क मार्ग को ठीक करने, अगवानपुर फाटक के पास बने अंडरपास के लिए दोनो तरफ आवागमन के लिए सड़क का निर्माण करवाने, गर्मी बढ़ने के साथ किसानों की फसल पककर खेतो में तैयार है। जिससे आगजनी होने पर नगरपालिका की लापरवाही के कारण किसानों को



नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग की गाड़ी खराब है। उसे ठीक करवाया जाए ताकि किसी हादसे व किसान की जान माल का नुकसान ना हो। रेलवे स्टेशन से जी टी रोड तक की सड़क जर्जर हालत में है। उसे ठीक करवाया जाए। गांवों में पीने का पानी नही आता है और कई गांवों में गंदा पानी सप्लाई होता है।

# नार्को कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नारनौल।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार अहम कदम उठाए जा रहे हैं। युवाओं को इस बुराई से दूर रखने के लिए अधिकारी भी लगातार उन्हें जागरूक करें। युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के साथ जोड़े रखें। डीसी आज लघु सचिवालय में नार्को कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए भी लगातार अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लगातार रणनीति बनाकर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# एसडीएम ने फेज 1 में सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः एसडीएम निर्मल नागर** ने बुधवार को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। एसडीएम के साथ एचएसआइआइडीसी बड़ी के अधिकारी, निर्माण एजेंसी के मालिक व बड़ी औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया कि निर्माण एजेंसी द्वारा तेज गति से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। बड़ी इंडस्ट्रियल मैनुफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल ने बताया कि नवनिर्मित सड़कों पर कुछ जगहों पर जलभराव की समस्या बनी है। इस पर एसडीएम ने



एचएसआइआइडीसी बड़ी के अधिकारियों को आदेश दिए कि वह सड़क निर्माण व उससे संबंधित शिकायतों का निपटान 15 अप्रैल तक पूरा करवा लें। गौरतलब है कि करीब 1 साल पहले 11 करोड टूटी सड़कों को रिपेयर करवाने कार्य शुरू किया गया था। रिपेयरिंग का कार्य फरवरी माह तक पूरा करना था, लेकिन सड़क रिपेयरिंग का काम समय पर पूरा नहीं हो सका है। सड़क निर्माण को लेकर इससे पहले भी एसडीएम डा. निर्मल नागर ने एचएसआइआइडीसी बड़ी के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को अपने कार्यालय में तलब किया था। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने उन्हें जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में एसडीएम ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों के मिल कर औद्योगिक क्षेत्र में रिपेयरिंग से संबंधित ग्राउंड रिपोर्ट ली और अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को 15 अप्रैल तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने हिदायत भी दी कि यदि कोई कमी मिली तो वह नियमानुसार कार्रवाई भी करेंगे।

# भोगीपूर में पिछले छह माह से हो रही दूषित पेयजल सप्लाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गांव भोगीपूर में** जनस्वास्थ्य विभाग के ट्युबवैल नंबर 3 से दूषित पेयजल आपूर्ति होने के सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग से लेकर एसडीएम कार्यालय में शिकायत कर थक चुके हैं, लेकिन दूषित पानी की सप्लाई थम नहीं रही है, जिस वजह से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सतीश, सुशील, संदीप, सुनील ने बताया कि उनके गांव में लगे ट्युबवैल नंबर 3 से सुबह व शाम को सप्लाई होने वाले पानी मिट्टी युक्त होने के साथ ही बदबूदार भी है। जिस वजह से पीने

**लोग परेशान**

**8 ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग से लेकर एसडीएम कार्यालय में शिकायत कर थक चुके हैं**

का पानी को गांव में लगे सबमर्सीबल पंप व खेतों में लगे ट्यूबवैल से लेकर आने को विवश हैं।

उन्होंने बताया कि दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत करवाया है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।

# लोकसभा चुनाव के बीच पकड़ी गई शराब की खेप

## कुख्यात शराब माफिया भूपेंद्र ठेकेदार की अवैध शराब पर पुलिस ने शिकंजा कसा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**खरखौदाः पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी-मात्रा** में अवैध शराब पकड़ी है। जोकि लोकसभा चुनाव में अलग-अलग जगह सप्लाई होनी थी। वहीं सोनीपत जिले के उपमंडल खरखौदा में करीब 26 लाख 25 हजार रुपए कीमत की शराब बरामद हुई है। पुलिस ने खरखौदा में जो शराब पकड़ी है। उसमें कुख्यात शराब कारोबारी ठेकेदार भूपेंद्र दहिया का नाम सामने आया है। पुलिस व एक्साइज विभाग की टीम ने खरखौदा में जहाँ मकान पर रेड की। माना जा रहा है कि शराब का प्रयोग लोकसभा चुनाव में वोटरों



को लुभाने के लिए किए जाना था। खरखौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली थी कि धर्मेंद्र निवासी मांडोठी झज्जर व भूपेंद्र निवासी सिसाना सोनीपत ने के एम पी पिपली कालेज के बीच में शराब ठेके के पीछे वाले मकान में अवैध रूप से शराब व बियर का भंडारण किया है। ये दूसरे राज्यों में अवैध रूप से इनकी सप्लाई करते हैं। पुलिस ने मकान पर रेड की तो मौके से 26 लाख से ज्यादा कीमत की देसी व अंग्रजी शराब और बीयर आदि बरामद हुई। इसमें से बहुत सी शराब व बीयर एक्सपायरी डेट की हैं। पुलिस ने थाना खरखौदा में एएसआई वेदपाल के बयान पर धर्मेन्द्र निवासी मांडोठी, भूपेन्द्र निवासी सिसाना के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले में अब आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। यहां से पुलिस को कुल 26 लाख 25 हजार 130 रुपए कीमत की शराब बरामद हुई है। गौरतलब है कि खरखौदा में पुलिस ने शराब से भरा जो गोदाम पकड़ा है। उसमें कुख्यात शराब कारोबारी भूपेंद्र दहिया निवासी सिसाना का नाम आया है। कोरोना काल में लॉक डाउन के दौरान सोनीपत में जो शराब घोटाला सामने आया था। उसमें भूपेंद्र शामिल था। पुलिस द्वारा सील गोदाम से लॉकडाउन के दौरान लाखों की शराब गायब हो गई थी। बाद में शराब तस्कर भूपेंद्र व अन्य पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

आपको बता दे कि पिपली के पूर्व सरपंच को गोली मारने के आरोप में भी भूपेंद्र आरोपी है और फिलहाल इन दिनों पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसके अलावा गाँव जटोला में भी सोनीपत सेक्टर 27 की क्राइम यूनिट की टीम ने भारी मात्रा में अवैध शराब को बरामद किया है।

# स्लोअन वाल्व कंपनी भारत में लॉन्च करेगी अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः सन 1906 से प्लंबिंग** समाधानों के लिए मशहूर यूएसए की स्लोअन वाल्व कंपनी अपनी 100% सब्सिडरी 'स्लोअन इंडिया' के द्वारा अब भारत में अपने पहला एक्सपीरियंस सेंटर स्थापित करने जा रही है। स्लोअन जिसका मुख्यालय फ्रैंकलिन पार्क, इलिनोइस, यूएसए में हैं अब अपना फ्लागशिप फैसिलिटी जल्द ही गुरुग्राम में भी शुरू करेगा। स्लोअन का भारतीय बाजार में प्रवेश उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, स्लोअन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से संभव हुआ है। करीब 20,000 वर्ग फुट में फैले इस कार्यालय में छएएऊ श४ क्ऊ+उः कमर्शियल इंटीरियर्स सिल्वर सर्टिफिकेशन की सुविधा प्रदान करती है। बेहतर इंजीनियरिंग और डिजाइन से लैस यह सेंटर लाइट असेंबली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और लाइव प्रोडक्ट डिस्प्ले जैसी सुविधाओं से लैस है। सेंटर के विस्तार पर स्लोअन इंडिया के निदेशक, श्री कृष्ण मुक्ति ने कहा कि - भारत में स्लोअन के पहले सेंटर का उद्घाटन हमारी यात्रा में एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। स्थिरता और नवीनता पर आधारित, हम भारतीय बाजार में अपनी नवीनतम पेशकश लिए उत्सुक हैं। गुरुग्राम सेंटर स्लोअन के बेहतर ग्राहक सेवा का प्रतीक है, जिसमें इसके छएएऊप्रमाणित परिसर के भीतर प्राकृतिक रूप से रोशनीदार और हराभरा वातावरण शामिल है।

इस अनुभव केंद्र को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है ताकि ग्राहकों को हमारे उत्पादों के बारे में बेहतर ढंग से बताया जा सके। प्लंबिंग समाधानों में विश्व के अग्रणी निमार्ता के रूप में, हमने जल-बचत शौचालय समाधानों के लिए एक शताब्दी से अधिक समय समर्पित किया है।

# नरेला में सात दिवसीय संगीतमय राम कथा का हो रहा भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला में भारतीय संस्कृति प्रचार समिति नरेला व प्रभु प्रेमी संघ उत्तरी दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 9 दिवसीय हिंदू नववर्ष महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नववर्ष महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय संगीतमय राम कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। भव्य पंडाल में आयोजित हो रही इस संगीतमय राम कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। नरेला के रामलीला मैदान में आयोजित इस कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।







कथा के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश गर्ग संरक्षक सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब, कृष्ण बंसल प्रधान अग्रवाल सेवा संघ, मनोज बंसल सहमंत्री विश्व हिंदू परिषद, कृष्ण घी वाले प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, पंकज गुप्ता महामंत्री अग्रवाल सेवा संघ मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों को आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने रुद्राक्ष माला पहनाकर आशीर्वाद दिया।

इस दौरान मुकेश खांडेकर क्षेत्र संगठन मंत्री उत्तरी क्षेत्र विश्व हिंदू परिषद, सुबोध प्रांत संगठन मंत्री दिल्ली प्रांत विश्व हिंदू परिषद, रूपक प्रांत सह धमार्चार्य प्रमुख दिल्ली प्रांत विश्व हिंदू परिषद विशेष रूप से उपस्थित रहे। दूसरे दिन की कथा में कथा व्यास आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने व्यास पीठ पर आसीन होकर राम कथा के कई प्रसंगों को बहुत ही मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। कथा के बीच-बीच में कई बार ऐसे भी पल आए जब श्रोता भाव विभोर हो उठे।

इस दौरान मनोज बंसल, संजय गुप्ता, सुरेंद्र अग्रवाल, पवन गोयल, विजय गोयल, ईश्वर सैनी, पंकज वार्ष्णेय, अनिरुद्ध त्यागी, तरुण बंसल, नरेश गर्ग, सुरेंदर गर्ग, अनुरोध, पंकज गुप्ता, संदीप, राजेश गर्ग,अरुण कौशिक, भूपेश बंसल, कपिल खन्ना, नीलदमन खत्री, मोहन भारद्वाज, संजय खत्री, विष्णु भारद्वाज, प्रदीप ठोलेदार लोकेश गर्ग, राजेंदर सिंगल, सुनीता शर्मा, सतीश गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, सुरेश गुप्ता, सुरेंदर, विजय सैनी, रितेश खत्री, सुनील खत्री, जय भगवान, कृष्ण घी वाले, विकास बंसल, राहुल सिंगल, जनार्दन, भूपेश बंसल, एस पी जून, संदीप खत्री, भ्रम, राहुल गुप्ता, अनूप शर्मा, विपिन गुप्ता, कुंदन, मुकेश सैनी, सुरेंदर गर्ग, पवन गुप्ता, ओम सैनी, अनूप गुप्ता, जय प्रकाश, पंकज गुप्ता, सुधा, जोगिंदर, अतुल, इशांत गर्ग, नीरज शर्मा, प्रमोद, आशीष जैन, कपिल सैनी, सुनील खत्री, देवी राम खत्री, विनोद सिंगल, प्रदीप सैनी, राजेश गुप्ता, राजेश रामगोपाल, मनोज, अजय, सतीश कुमार, अरुण गर्ग, विजय गर्ग मौजूद रहे।

**108 कुंडीय सर्व देवीय देवी यज्ञ का हुआ आयोजन**
हिंदू नव वर्ष महोत्सव के अंतर्गत 108 कुंडीय सर्व देवीय यज्ञ का रोजाना आयोजन हो रहा है। 9 दिवसीय यज्ञ के लिए कथा स्थल के समीप बनाई गई विशाल यज्ञशाला में विश्व प्रसिद्ध गाडगिल बंधुओ के सानिध्य में सुबह 9 बजे से शुरू हुए यज्ञ में 108 यजमानों ने परिवार सहित वैदिक मंत्रोचार के साथ आहुतियां दी और परिवार की सुख शांति और राष्ट्र कल्याण की कामना की।

इस दौरान गायत्री मत्रों के उच्चारण से पूरी यज्ञशाला गूंज उठी। यज्ञ में मुख्य रूप से नीलदमन खत्री, मोहन भारद्वाज, संजय खत्री, विष्णु भारद्वाज, प्रदीप ठोलेदार, राजेंदर सिंगल, सुनीता शर्मा, सतीश गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, सुरेश गुप्ता, सुरेंदर, विजय सैनी, रितेश खत्री, सुनील खत्री, जय भगवान, कृष्ण घी वाले, विकास बंसल, राहुल सिंगल, जनार्दन, भूपेश बंसल, एस पी जून, संदीप खत्री, भ्रम,राहुल गुप्ता, अनूप शर्मा, विपिन गुप्ता, कुंदन, मुकेश सैनी, सुरेंदर गर्ग, पवन गुप्ता,ओम सैनी, अनूप गुप्ता, जय प्रकाश, पंकज गुप्ता, सुधा, जोगिंदर, अतुल, इशांत गर्ग, नीरज शर्मा, प्रमोद, आशीष जैन, कपिल सैनी, सुनील खत्री,देवी राम खत्री, विनोद सिंगल, प्रदीप सैनी, राजेश गुप्ता, राजेश रामगोपाल, मनोज, अजय, सतीश कुमार, अरुण गर्ग, विजय गर्ग आदि ने परिवार सहित आहुतियां दी।

# राजा गार्डनः शिवाजी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महान भारतीय योद्धा छत्रपति शिवाजी के राज्याभिषेक के 350वें वर्ष के उपलक्ष्य में शिवराज-350 के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम कॉलेज के भौतिकी, जैव रसायन, जीवन विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन विभागों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरूआत शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बताया कि यह वर्ष शिवाजी कॉलेज के राज्याभिषेक का 350वां वर्ष है। उन्होंने उस समय पूरे भारत में हिंदवी स्वराज की स्थापना में शिवाजी महाराज के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिवाजी जैसे महान व्यक्ति और प्रशासक के विकास में शिवाजी की मां जीजाबाई की भूमिका और योगदान पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिवाजी अत्यधिक नवोन्वेषी, रणनीतिकार और कूटनीतिक थे। उन्होंने शासन का अष्टप्रधान मॉडल स्थापित किया। वे नौसेना के विकास में भी अग्रणी थे, जो बाद में भारतीय नौसेना के रूप में विकसित हुई।

# आनंद दिल्ली हॉर्स शो 2024 में युवराज को सिल्वर

**जानकारी...**

**8 युवराज की स्कूली शिक्षा सिंधिया स्कूल ग्वालियर से हुई है और आज कल दिल्ली में सहज सिंह के निर्देशन में ट्रेनिंग ले रहे है।**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश के प्रतिष्ठित घुड़सवारी कंपटीशन आनंद दिल्ली हॉर्स शो में प्रतिदिन नवोदित घुड़सवारों की मेहनत से पदको की बारिश हो रही है।

दिल्ली के आर्मी पोलो ग्राउंड एवं राइटिंग सेंटर में मुकाबले के चौथे दिन ग्रेड 3 जंपिंग नॉर्मल में ई जीसी स्टेबल के युवराज भाटिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है और सिल्वर मेडल जीता है।

एआरसी मुंबई के यशान प्रथम स्थान पर रहे। युवराज भाटिया देश की घुड़ सवारी की नई पीढ़ी में मजे हुए घुड़सवार हैं। वह ला क्लाउड्स घोड़े पर सवार थे। इससे पूर्व भी युवराज भाटिया देश के कई इवेंट्स में अपनी दक्षता सिद्ध कर चुके हैं।

आनंद हॉर्स शो में आगामी 7 दिन तक देश भर से आए सैकड़ों घुड़सवार विभिन्न मुकाबलो में अपनी किस्मत आजमाएंगे। बरार स्क्वेयर दिल्ली स्थित इस ग्राउंड में आजकल घुड़सवारी और उनसे जुड़े वर्ग का मेला सा लगा हुआ है। युवराज की स्कूली शिक्षा सिंधिया स्कूल ग्वालियर से हुई है और वह स्कूल की टीम के कप्तान भी थे। आजकल दिल्ली में सहज सिंह के निर्देशन में ट्रेनिंग ले रहे है।

# अशोक विहार चुनाव कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का हुआ सफल आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले अशोक विहार स्थित प्रवीण खंडेलवाल के चुनाव कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवीण खंडेलवाल, जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह सहित चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कई महिला नेत्री भी रही मौजूद:** भाजपा की इस संगठनात्मक बैठक के दौरान लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, केशव पुरम जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा रिचा पांडे, दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री सरिता तोमर, जिला चांदनी चौक महिला मोर्चा अध्यक्षा गीता सक्सेना, चंचल जैन महिला मोर्चा अध्यक्षा जिला केशव पुरम, संजना (बिट्टू) चांदनी चौक महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सहित चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से पूर्व निगम पार्षद, वर्तमान महिला निगम पार्षद के साथ-साथ दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की टीम, चांदनी चौक महिला मोर्चा की टीम मंडलो की पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

**खंडेलवाल को भारी मतों से दिलाऐंगे जीत:** इस दौरान महिला नेत्रियों ने एक स्वर में प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को जीत दिलाने के लिए आश्वस्त भी किया। बैठक के दौरान दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा रिचा पांडे ने सभी महिलाओं को शपथ भी दिलवाई कि जब तक चुनाव नहीं हो जाते है तब तक हम आराम से नहीं बैठेंगी व प्रवीण खंडेलवाल को भारी वोटों से विजय दिलाकर ही दम लेंगी। सभी महिला नेत्रियों ने प्रण लिया कि वह चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को सबसे ज्यादा संख्या में वोटो से जितवाकर संसद में देखना चाहती है। इस मौके पर रिचा पांडे ने बैठक में आई सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षा, मंडल पदाधिकारी, पार्षदो एवं प्रभारी, सह प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

# संघ ने उठाई हज करने वाले शिक्षकों के लिए एनओसी की मांग, लिखा एलजी को पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत कार्यरत मुस्लिम समुदाय के शिक्षकों के लिए धार्मिक हज यात्रा 2024 के लिए अनिवार्य आधिकारिक स्वीकृति (एनओसी) प्राप्त करने में विलंब के कारण निराशा की स्थिति में हैं।



**शिक्षक संघ ने एलजी को लिखा पत्र:** शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने शिक्षा निदेशक व दिल्ली के उपराज्यपाल को लिखित में पत्र सौंपते हुए उनका ध्यान इस मुद्दे आकर्षित किया है। यादव ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया, जो कि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्य करती है। जिसने 4 दिसंबर 2023 को हज 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे इसके तहत अनेको शिक्षकों ने आवेदन किया और उनमें से कुछ को उनकी पहली हज यात्रा के लिए स्वीकृति दी गई थी।

**जीएसटीए ने शिक्षा निदेशक से की अपील:** उन्होंने कहा कि इस चयन के बाद शिक्षकों ने लगभग पाँच लाख रुपये की राशि हज कमेटी को जमा की जो कि पूरी तरह से नॉन रिफंडेबल है, उसके पश्चात उन्होंने डीओपीटी नियमों के अनुसार एनओसी के लिए आवेदन किया, लेकिन विभागीय के ज़िला व क्षेत्रीय स्तरों पर विभिन्न विलंबों के कारण आवेदनों को अटका दिया गया है।

# 'भारत में होम्योपेथिक चिकित्सा पद्धति पर लोगों का भरोसा बढ़ा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** होम्योपैथिक एसोसिएशन (जेपी पुरी) दिल्ली के पूर्व प्रवक्ता शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के बरवाला में विश्व में हौम्यौपैथी के जनक डॉ. सी. एफ सैन्यूल हैनीमैन की 269वीं जयंती पर पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दयानन्द वत्स ने कहा कि भारत में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। हौम्योपैथिक दवाओं के प्रयोग से से रोग जड़ से समाप्त हो जाते हैं। राजधानी दिल्ली में होम्योपैथिक दवाएं लेने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वत्स ने कहा कि हमारे गांव बरवाला दिल्ली में डा. युद्धवीर सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पिछले 50 सालों से होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है। होम्योपैथिक एसोसिएशन (जेपी पुरी) दिल्ली के पूर्व प्रवक्ता शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि इस साल की थीम है होम्यो परिवारः एक स्वास्थ्य एक परिवार है।

दयानन्द वत्स ने कहा कि अगर आप अस्वस्थ हों तो तत्काल नजदीकी होम्योपैथिक चिकित्सक से मिलें। बीमारी को लंबा ना खींचें। समय पर हुए उपचार से शरीर जल्दी निरोग हो जाता है।

# दिलशाद कॉलोनी में चोरों के हौसले बुलंद

**वारदात...**

**8 चोरों ने घर में मंदिर में रखी भगवान की मूर्ति पर किया हाथ साफ, सीसीटीबी में चेहरा कैद होने के बाद भी पुलिस के पकड़ से बाहर है चोर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शाहदरा जिला के सीमापुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलशाद कॉलोनी इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। आये दिन यहां चोरी के मामले मिल रहे हैं। दिलशाद कॉलोनी के लोग परेशान हैं। इलाके में सुरक्षा राम भरोसे हैं। पांच अप्रैल की रात पत्रकार अमित कुमार के टॉप फ्लोर पर घर के मंदिर में रखी गई चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, सोने का श्रीयंत्र, चांदी व सोने के सिक्के समेत एक टैब समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना जी ब्लॉक के मकान नंबर 167/सी के टॉप फ्लोर की बताई जा रही है। जहां बीती रात चोरों ने घर के मंदिर में रखी चांदी लक्ष्मी गणेश की मूर्ति के अलावा सोने चांदी के सिक्के व एक टैब पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के अनुसार चोरी गए समान की कीमत पांच-छह लाख के करीब होगा। हालांकि बदमाशों की यह करतूत वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई पुलिस पीडित की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चोरो के हौसले इतने बढ गए हैं कि इस घटना के चार दिन बाद सोमवार आठ अप्रैल को फिर उसी फ्लैट की पार्किंग में चोरी करने पहुंच गया और चोरी की करतूत कैमरे में कैद हो गई। जिसकी फुटेज पुलिस को दे दी गई है, लेकिन अभी तक चोर पकड़ से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार अमित कुमार दिलशाद कॉलोनी स्थित जी ब्लाक में टॉप फ्लोर पर रहते है। वह पेश से पत्रकार है, उन्होने बताया कि वह रात में करीब साढे बारह बजे तक जाग रहे थे उसके बाद वह सोने चले गए। शुक्रवार सुबह उनके पडोस में रहने वाले शन्नी का दरवाजा बाहर से बंद था जब शन्नी ने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई तो अमित की पत्नी ने देखा तो उनके दरवाजे पर बाहर से कुंडी लगी थी।

# भलस्वा गांव में उत्तर-पश्चिमी सीट के भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया का हुआ स्वागत







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के भलस्वा गांव में ग्रामवासियों ने भारतीय जनता पार्टी उत्तर-पश्चिमी लोकसभा के प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने की। इस मौके पर भाजपा नेता धर्मवीर यादव, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, हरिराम यादव, टेकराम यादव, तेजपाल, रामपाल यादव, ताराचंद यादव, जितेंद्र ढीका, गणेश गर्ग, धर्मेंद्र यादव सहित गांव के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया ने गांव वालों को आश्वासन दिया की जीतने के बाद जो भी गांव की समस्या होगी। मैं यहीं पर और इसी चौपाल में आऊंगा और समस्याओं का समाधान करूंगा। इस अवसर पर गांव वालों ने आश्वासन दिया कि हम सभी गांववासी मिलकर भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है, जनता भाजपा के साथ है। क्योंकि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है और देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओ से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# कांग्रेस शासन में जवानों पर पत्थरबाजी होती थी, सरकार मौन रहती थी: सैनी

**जमकर बरसे**

8 राजस्थान के तिजारा में भूपेंद्र यादव के लिए प्रचार करने पहुंचे नायब सैनी ने कांग्रेस पर साधे निशाने

**टीम एक्शन इंडियां/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राजस्थान की अलवर लोकसभा के तिजारा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश और देश के लोगों के साथ अन्याय किया है। न्याय की बात करने वाली कांग्रेस ने तीन-तीन दिनों तक लोगों को गैस के लिए तरसाया है। कांग्रेस ने जवानों, महिलाओं, किसानों के साथ भी अन्याय किया है। भारत को जोड़ने की बात करने वाली कांग्रेस को अपने पुरखों के क्रिया कलापों को भी देख लेना चाहिए। नायब सैनी ने कहा कि भारत को नजदीक से जोड़ने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। जवानों, किसानों और महिलाओं को मान-सम्मान और न्याय देने का काम 10 सालों में मोदी सरकार ने किया है। श्री सैनी बुधवार को तिजारा में अलवर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।
तिजारा में लोगों से अपील करते हुए नायब सैनी ने कहा कि 19 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भूपेंद्र यादव को ऐतिहासिक मार्जिन से जिताकर संसद में भेंजे। उमड़े जनसैलाब से गदगद श्री सैनी ने दावा करते हुए कहा कि 400 पार का मैसेज तिजारा से जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, मंत्री संजय शर्मा, पूर्व सांसद चरण सिंह, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहुजा, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, जिला महामंत्री महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक मामन यादव, राजकिशन मेघवाल, बाबा बालकनाथ आदि उपस्थित रहे।
शौर्य की धरती राजस्थान को नमन करते हुए सीएम सैनी ने कांग्रेस के मैनीफेस्टों



पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से न्याय की बात करती है, कांग्रेस के समय में हमारे जवानों पर पत्थरबाजी होती थी और कांग्रेस सरकार चुप बैठी रहती थी। उन्होंने कहा कि न्याय तो पीएम मोदी ने किया है, अब ना तो हमारे जवानों पर पत्थरबाजी होती है और ना ही कहीं पत्थरबाज दिखाई देते हैं। पीएम मोदी ने दुनिया के अंदर देश का नाम ऊँचा किया है। देश की समस्याओं का समाधान किया है।
नायब सैनी ने कहा कि चुनाव आते हैं तो कांग्रेस के लोग सब्जबाग दिखाने निकल पड़ते हैं। कांग्रेस 55 साल सत्ता में रही और एक ही परिवार का राज रहा। कांग्रेस ने चुनाव के समय गरीबी हटाओ का नारा दिया और अपनी ही गरीबी हटाई। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण की योजनाएं बनाई और उनका लाभ गरीबों तक पहुंचाया। गरीब लोगों को आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक का फ्री इलाज का अधिकार मोदी सरकार ने दिया। नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले मुम्बई जाने में 35 से 40 घंटे लगते थे। इन दस सालों में मोदी सरकार ने हाइवे, एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया है। अब मुम्बई जाने में 12 से 14 घंटों का समय लगता है।
नायब सैनी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व का कमाल है कि अब भारत का नाम गौरव के साथ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है। 2014 से पहले और 2014 के बाद हुए काम को गिनाते हुए श्री सैनी ने कहा कि 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे और 2014 के बाद एयरपोर्ट की संख्या 150 हो गई। पहले 5 शहरों में मैट्रो चलती थी और अब 20 शहरों में मैट्रो दौड़ रही है। 2014 से पहले 380 मेडिकल कालेज थे और मोदी सरकार ने इनकी संख्या बढ़ाकर 700 कर दी। वर्ष 2013-14 में एमबीबीएस की सीटें देश में 50 हजार थी जो अब 1 लाख से भी ज्यादा हो गई है। श्री सैनी ने कहा कि 2014 से पहले आईआईएम 16 थे और अब 23 हैं। मोदी सरकार ने देश के अंदर आईआईटी और एम्स की संख्या भी बढ़ाकर शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में बड़े काम किए। श्री सैनी ने कहा कि 2014 से पहले विश्वविद्यालयों की संख्या 400 थी और अब बढ़कर 1100 हो गई।
नायब सैनी ने कहा कि न्याय की बात करने वाली कांग्रेस ने महिलाओं के बारे में कभी नही सोचा। कांग्रेस को सिर्फ अपने वोटों की चिंता रही है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर नल से जल पहुंचाकर, शौचालय बनवाकर और गैस कनेक्शन तथा गरीबों को पक्के मकान देकर किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को सम्मान दिया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मजबूत किया है। मोदी की कल्याणकारी नीतियों का परिणाम है कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं।
नायब सैनी ने कहा कि 19 अप्रैल को कमल का बटन तिजारा में दबेगा और इसकी ताकत पीएम मोदी के पास जाएगी। उन्होंने कहा कि जब यह ताकत मोदी के पास जाएगी। पीएम मोदी के विकसित भारत बनाने के लक्ष्य में तिजारा के लोगों का बड़ा योगदान होगा। सीएम ने जनता से भरोसा देते हुए कहा कि आप लोगों की आवाज को भूपेंद्र यादव लोकसभा में मजबूती से रखेंगे। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति बाहर गया हुआ है तो उसे बुला लें और एक-एक वोट कमल के फूल पर डालकर विकसित भारत बनाने में सहयोगी बनें।

## संक्षिप्त खबरें

### आज बसपा की चुनावी सभा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद गुरूवार को गुरूवार को मथुरा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सुरेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। आकाश आनंद की मथुरा में यह पहली सार्वजनिक सभा होगी। पार्टी समर्थकों में पार्टी के युवा नेता आकाश आनंद को लेकर उत्सुकता देखने को मिल रही है। बसपा की सभा गुरूवार को सुबह दस बजे से लक्ष्मी नगर में अलीगढ़ रोड पर ईंट मंडी स्थल पर होगी।

### अवैध तमंचा बनाने की सूचना पर पहुंची पुलिस

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
थाना बरसाना पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्ता कार्यवाही में अवैध तमंचा बनाने के आरोपी को 10 अवैध देशी तमन्चा, एक पैनिया, एक तमंचा अर्धनिर्मित कारतूस आदि बरामद किये हैं। ग्राम हाथिया के जंगल में बम्बा की पटरी के पास संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए निसार पुत्र शेर मौहम्मद निवासी हाथिया थाना बरसाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति ठोका पीटी कर अवैध शस्त्र बना रहे है। अभियुक्त साहुन पुत्र रुद्धार निवासी हाथिया थाना बरसाना मथुरा भागने मे सफल रहा। अभियुक्तगण उपरोक्त एकांत में तमंचे बनाते है इन तमंचे को अधिक रुपये में बाहर के व्यक्तियों को जैसे (राजस्थान, हरियाणा) के लोगों को ब्रिकी कर देते है,जिससे अपने परिवार का खर्चा चलाते है । आगामी लोकसभा चुनाव हेतु अवैध असलाहो की माँग वढ जाती है और ये लोग चुनाव के समय तमंचा बनाकर बाहर ले जाकर बेचते है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना बरसाना, एसआई राकेश कुमार एसओजी प्रभारी, एसआई आन्नद कुमार शर्मा थाना बरसाना, एसआई अरविन्द कुमार थाना बरसाना आदि थे।

### नरी सेमरी पर कई ट्रेनों का ठहराव

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
मथुरा के देवी नरी सेमरी मेले के लिए रेलवे ने कई एक्सप्रेस ट्रेनों को स्टॉपेज दिया है। जिससे धन और समय की बचत होगी। आगरा मंडल के मथुरा द्दपलवल खंड में आझई छाता स्टेशनों के मध्य नरी सेमरी नवरात्रि मेला का आठ अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजन होना है। इस संबंध में रेलवे द्वारा नरी सेमरी नवरात्रि मेले के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को लेकर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आझई स्टेशन पर आठ अप्रैल से 17 अप्रैल तक तक गाड़ी संख्या 14211/14212 आगरा कैंट नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस, 18477/18478 पुरीद्दयोग नगरी ऋषिकेश, 18237/18238 कोरबाद्दअमृतसर एक्सप्रेस, 12279/12280 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी नई दिल्ली ताज एक्सप्रेस, 12189/12190 जबलपुरद्दनिजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस का एक मिनट का अस्थाई ठहराव दिया गया है। रेलवे के प्रवक्ता अनुसार रेल के इन स्टॉपेज से यात्रियों को विशेष सुविधा मिल सकेगी। इससे उनका समय और धन की बचत होगी।

### आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी सार्वजनिक करेंगे प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
रिटर्निंग आफिसर मथुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ने अवगत कराया है कि चुनाव लड रहे प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले, चाहें लंबित मामले या पूर्व में दोषसिद्धि के मामले हों सभी अभ्यर्थियों द्वारा ऐसे विवरण प्रकाशित करने के प्रयोजनार्थ निर्वाचन अवधि के दौरान, तीन अवसरों पर निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक रूप से वितरित होने वाले समाचार पत्रों और टीवी चौनलों में ऐसे आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा प्रकाशित करना आवश्यक है। जैसे ही आपराधिक मामलों के संबंध में घोषणा प्रकाशित की जाती है, अभ्यर्थी तत्काल इसकी सूचना रिटर्निंग अधिकारी को देगें। उक्त घोषणा का प्रकाशन अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तारीख से लेकर मतदान होने की तारीख से दो दिन पहले तक कम से कम तीन अलग-अलग तारीखों में प्रकाशित की जानी चाहिए। आयोग द्वारा जारी उपर्युक्त निदेशों के क्रम में कृत कार्यवाही से अभिलेखीय साक्ष्य सहित रिटर्निंग आफिसर मथुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को अतिशीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें।

## नशेड़ी युवक ने पिता-भाई को मारने के लिए कार में लगाई आग

**फतेहाबाद**
जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव बलियांवाला में नशे के आदी एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर कार पर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। कार में सवार युवक के पिता और भाई ने कार से निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद भी युवक ने अपने पिता व भाई को मारने का प्रयास किया। इस बारे में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।
पुलिस को दी शिकायत में बलियांवाला निवासी भीम सिंह ने कहा कि उसके दो लडके परमजीत व विक्रम हैं, विक्रम नशे करने का आदी है और उस पर पहले भी कई मुकदमें चल रहे हैं।

# *जनता के अपमान का बदला बीजेपी को हराकर मिलेगा: अनुराग ढांडा*

**जनसभा**

8 *विदेशों में फंसे हरियाणा के युवाओं को बचाना नहीं चाहते बीजेपी नेता: अनुराग ढांडा*

**टीम एक्शन इंडिया/ *कैथल**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत विधानसभा के गांव सेरधा में जनसभा की। इस मौके पर फूल सिंह, शेर सिंह, सुनिल सहारण, मेवाराम, सतीश, राजीव ढुल, राम कुमार, जगदीश, राजेश और



तरसेम मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है। किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और यदि हमारा कोई बच्चा विदेश में फंस गया तो उसको निकालने के लिए सरकार के नेताओं के पास जाना पड़ता है। इसके अलावा महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा नहीं हो पा रही तो नेताओं के पास जाना पड़ता है। जब सरपंचों को भी अपने अधिकार के लिए चंडीगढ़ नेताओं के दरवाजे तक जाना पड़ा था। जितनी बार आपको उन नेताओं के पास जाना पड़ा और जैसा व्यवहार आपके साथ किया अब उसका हिसाब एक ही झटके में कर लेना।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संविधान में सबको एक समान वोट का अधिकार है। 5 साल बाद बड़े से बड़े नेताओं को भी आपके पास झोली फैला कर आना पड़ता है। इसलिए जिसने आपके साथ जैसा व्यवहार किया हो आपके ऊपर लाठियां बरसाई हों या परेशान किया हो, अब उसके साथ वैसा की व्यवहार करना चाहिए। इसलिए अब जनता के अपमान का बदला भाजपा को हराकर ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के कारण रूस गए मटौर गांव के कुछ युवा रशिया यूक्रेन युद्ध में फंसे हैं, लेकिन भाजपा नेता हरियाणा के युवाओं को बचाना नहीं चाहते।
उन्होंने कहा कि जब हरियाणा पंजाब के किसान और मजदूर दिल्ली जाना चाहते थे तो इस सरकार ने उनके रास्तों में कीलें ठोक दी। इन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है। जिन मंत्रियों को हमने चुन कर भेजा किसान दिल्ली में उनके घर पर जाना चाहते थे, लेकिन इन्होंने कहा आप हमारे घर नहीं आ सकते। तो अब चुनाव में इन नेताओं की भी हिम्मत नहीं है कि वो हमारे गांव और घर में घुस सके।

# ऑगनवाडी. कार्यत्रियों ने जागरूकता रैली निकाल दिया मतदान करने का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
बाल विकास पुष्टाहार विभाग गोवर्धन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यत्रियों ने गोवर्धन ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय गोवर्धन में सास बहू सम्मेलन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी को वार्षिकोत्सव एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया यहाँ प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया तो वही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जहां स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बना कर वोट का सिम्बल बनाया तथा साथ ही मतदान जागरूकता के पोस्टर भी बनाए। आंगनबाड़ी



कार्यकत्रियों व गांव की महिलाओं ने शपथ ली कि वो मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आस-पडौस और गांव के लोगों को जागरूक करेंगे,
जिससे मतदाता प्रतिशत में बढोतरी हो सकेगी। इस रैली में सभी आंगबड़ियो ने भाग लिय गोवर्धन बाल विकास परियोजना अधिकारी योगेंद्र सिंह ,पूर्णिमा, सुनीता अवस्थी, रेखा, आशा, कविता, रेनू, नेहा, कृष्णा, सपना,अंजू,मचला अन्य समस्त आँगन वाणी कार्यकर्ति मौजूद रहे?

## हरियाणा महिला आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को फिर भेजा नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी पर टिप्पणी करने के बाद विवादों में फंसे कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। चुनाव आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को नोटिस जारी किए जाने के बाद बुधवार को हरियाणा महिला आयोग ने भी उन्हें दूसरी बार नोटिस जारी किया है। सुरजेवाला ने एक कार्यक्रम के दौरान हेमा मालिनी को लेकर टिप्पणी की थी।
सुरजेवाला का यह वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने सुरजेवाला की घेराबंदी तेज कर दी। उधर, हरियाणा महिला आयोग ने इसका संज्ञान लेते हुए 4 अप्रैल को उन्हें नोटिस जारी कर दिया।

# सत्संग रूपी गंगा में स्नान करने से दुष्ट भी सुधर जाता : कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
: श्री रामलीला कमेटी कटला के 127वें रामनवमी महोत्सव में गुरुधाम-जटारीधाम के कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने नौ दिवसीय श्रीराम कथा का प्रांरभ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से किया। उन्होंने सत्संग का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि सत्संग के माध्यम से संतों से मिलन होता है और रूप व मन में परिवर्तन हो जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग पारसमणि के समान है और सत्संग से कल्याण होता है।
डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने कहा कि विद्यालय में पढ़कर ज्ञान मिलता है लेकिन सही मायने में विवेक सत्संग से मिलता है। इसलिए सत्संग में अवश्य जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग रूपी गंगा में स्नान करने से दुष्ट भी सुधर जाते हैं। उन्होंने कहा कि संग करना है संतों का करो बुराई से हमेशा बचे रहोगे। उन्होंने समझाया कि आज के आधुनिक दौर में साधन बहुत हैं लेकिन साधना नहीं है। इसलिए आज का प्राणी दुखी है।
श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीराम कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने वंदना प्रकरण, शिव चरित्र व भारद्वाज- याज्ञवल्क्य संवाद से साक्षात्कार करवाया। इस अवसर पर बाढड़ा की विधायक नैना चौटाला मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। इस दौरान डॉ. ललिता राजवंशी, देव कुमार गर्ग, मनोज अग्रवाल, धर्मपाल मित्तल, प्रमोद गर्ग, प्रेम कश्यप, दिनेश डाबड़ा, राजेंद्र मित्तल, वीरभान बंसल, सतीश बंसल, रामनिवास परसा, मुकुल मित्तल व इंद्र रावलवासिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही सुशील गोयल प्लाईवाले, प्रमोद जैन, ऋषिकेश गर्ग, पुरुषोत्तम सिंगला, मोतीराम कंसल, पुरुषोत्तम तायल, डॉ. प्रमोद तायल, डॉ. सुभाष शर्मा व देवकुमार गर्ग भी मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन किसानों के साथ खड़ा: डॉ. सुशील गुप्ता

**चुनावी यात्रा**

8 किसानों के खिलाफ बीजेपी की अघोषित जंग में इंडिया गठबंधन किसानों के साथ खड़ा: डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को पूंडरी विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। इससे पूर्व, उन्होंने कैथल में प्रेस वार्ता की। उनके साथ पूर्व विधायक सुल्तान जंडौला, बलकार पुंडरी, राजीव आर्य, महेंद्र झांबा, गज्जन सिंह,



नीता चौहान, सतबीर गोयत, सतपाल साकरा, कंवरपाल करोड़ा, प्रेम, धीमान, भूप सिंह सैनी, पूनम गुज्जर, प्रेमचंद्र गुज्जर, सरपंच जाडौला, सतबीर भाना, विरेंद्र श्योकंद, सोनिया शर्मा और देवेंद्र हंस मुख्य तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव टीक से शुरू की। इसके बाद वे बंदराणा में लोगों से मिले। वहां से रसूलपुर में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव खेड़ी रायवाली में पहुंचे। यहां से गांव सोलू माजरा, गांव चुहड़ माजरा, मटरवाखेड़ी, गांव डुलयानी, गांव टयोंठा, संगरौली और दुसैन में लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा वे कुरुक्षेत्र लोकसभा के गांवों में दौरे कर रहे हैं। हर रोज हजारों की तादात में किसान भाई मुझसे आकर मिल रहे हैं।किसान बहुत गुस्से में हैं। वे कहते हैं कि उनपर पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए, पैलेट गन से हमला किया गया।
किसानों पर रासुका लगाया गया। बैंक खाते सील किए, उनकी प्रॉपर्टी जब्त की गई। जिन किसानों को बीजेपी सरकार ने लाठियों से पीटा, आज उन्हीं किसानों से बेशर्मी से वोट माँगने जा रहे हैं।

# देश विदेश में धूमधाम से मनाया भारतीय योग संस्थान का 58वां स्थापना दिवस

**भारतीय योग**

8 योग साधना केन्द्रों पर साधकों ने योगाभ्यास करने व संस्थान के कार्य को बढ़ाने का लिया संकल्प



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
भारतीय योग संस्थान पंजीकृत का 58 वां स्थापना दिवस पूरे भारतवर्ष ही नहीं, विदेशों में भी धूमधाम व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया । संस्थान के माननीय राष्ट्रीय प्रधान योग रत्न देसराज गुप्ता ने अपने विदेश प्रवास के दौरान यू ऐस ए से और माननीय राष्ट्रीय महामंत्री ललित गुप्ता ने दिल्ली मुख्यालय से अपने संदेश में संस्थान के सभी साधक- साधिकाओं, कार्यकताओं, अधिकारियों, शुभचिंतकों को 58 वें स्थापना दिवस पर बधाई संदेश व शुभकामनाएं भेजी हैं । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओम प्रकाश ने योगाश्रम कुरुक्षेत्र से प्रदेश के सभी साधक- साधिकाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए संस्थान के ईश्वरीय कार्य का निरंतर विस्तार करने का आह्वान किया और सभी की योग साधना में प्रगति की मंगल कामना की । कुरुक्षेत्र में लगभग सभी केन्द्रों पर स्थापना दिवस उल्लास पूर्वक मनाया गया । ब्रह्म सरोवर जिला के अंतर्गत गायत्री चेतना केंद्र में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में प्रांतीय मंत्री मानसिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । जिला प्रधान कमला देवी व अतिथि सुनील धूल का जन्मदिन वैदिक मंत्रोच्चारण से मनाया गया ।
फतेहचंद पांचाल, सेवा सिंह, डॉ ओम प्रकाश शर्मा, चतर सिंह जांगड़ा, सुरेंद्र शर्मा, कमलेश, शांति इत्यादि उपस्थित रहे । ब्रह्मसरोवर केंद्र पर भी स्थापना दिवस मनाया गया । कृष्ण योग जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हरि ओम मंदिर में मुख्य अतिथि गोविंद लाल सेतिया, जितेंद्र तलवार, विपिन गुप्ता इत्यादि तथा खेड़ा पार्क में मिथिलेश चौधरी, पुष्पा, मांगेराम इत्यादि और जिंदल पार्क में जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, रमेश शर्मा, रामकरण शर्मा, दीपक खुराना इत्यादि उपस्थित रहे । रामकरण शर्मा का जन्मदिन वैदिक रीति से मनाया गया । अर्जुन योग जिला के खेड़ी मारकंडा केंद्र पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रिंसिपल कृष्ण कुमार शर्मा, जिला प्रधान मनीराम सैनी, राजेश भट्ट, सतपाल, गुरमेल सिंह, गुरदयाल सिंह, बृजमोहन इत्यादि तथा योग भवन केंद्र पर जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व गीता निकेतन सेक्टर 3 विद्यालय के प्रिंसिपल सुमित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान मनीराम सैनी, के एल बांगा, रविंद्र सैनी, हंसराज, ओ पी बाजवा, पवन शर्मा इत्यादि भी मौजूद रहे

# रथ पर सवार हो कर असली फूफा दादा दुलीचंद के साथ रोहतक कोर्ट पहुंचे जयहिंद

**जयहिंद** सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद और 104 वर्षीय दादा दुलीचंद बुधवार को रथ पर सवार होकर कोर्ट पहुंचे। इस अनोखे तरीके से कोर्ट में पहुंचने का कारण था एक ऐप द्वारा चुराया गया कंटेंट। नवीन जयहिंद और दादा दुलीचंद रोहतक कोर्ट में इस ऐप पर केस करने पहुंचे।
पत्रकारों के सवालों के जवाब में नवीन जयहिंद ने कहा कि असली फूफा 104 वर्षीय दादी दुलीचंद है जिन्होंने 2 साल पहले"थारा फूफा जिंदा है" कि मुहिम चलाई थी और प्रदेश के लाखों बुजुर्गों, दिव्यांग और विधवाओं की पेंशन बनवाई।



सरकारी कागजों में सरकार ने इन्हें मरा हुआ दिखाया था और इसी को लेकर तब इन्होंने संघर्ष किया था और यह अभियान चलाया। लाखों फैमिली आईडी में हुई गड़बड़ ठीक करवाई गई थी। यह अभियान न सिर्फ प्रदेश में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सुर्खियों का विषय बन गया था। जयहिंद ने आगे कहा कि इस तरह से कोर्ट में आने का एक ही कारण है कि लोगों को याद दिलाया जाए कि असली फूफा दादा दुलीचंद है। ओटीटी प्लेटफॉर्म इनके कंटेंट को कमर्शियल तरीके से यूज कर पैसे कमाने में लगी है। इस वजह से असली फूफा नाराज भी है ।उन्होंने ऐप को 24 घण्टे का समय दिया था लेकिन दिन बाद भी उनकी तरफ से कोई जवाब न आने पर असली फूफा ने कोर्ट केस करने का फैसला लिया। कोर्ट में बुधवार को कंटेंट चोरी को लेकर पिटीशन भी दायर की गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 11 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## मुस्लिम समुदाय ने रखा आखिरी रोजा

**अजमेर:** मुबारक महीने रमजान में मुस्लिम समुदाय ने 30वां आखिरी रोजा बुधवार को रखा। ईद उल फितर 11 अप्रैल को मनाई जाएगी। मुस्लिम घरों में ईद की तैयारी कर ली गई। मस्जिदों में रोशनी की जा रही है। ईद की खरीदारी के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। ईद के मौके पर गुरुवार को तड़के साढ़े चार बजे से जन्नती दरवाजा जियारत के लिए खोला जाएगा। ख्वाजा साहब के मजार शरीफ की दोपहर की खिदमत से पहले तक इस दरवाजे से जियारत के आस्ताना शरीफ में जा सकेंगे। दोपहर में खिदमत के वक्त ही यह दरवाजा बंद कर दिया जाएगा। अजमेर ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के आस पास नए साल जैसा माहौल है। यहां मुस्लिम समुदाय के लोग बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ रहे हैं। घरों में रोशनी और बाजार में रौनक बनी हुई है। अजमेर शहर काजी मौलाना तौसीफ अहमद सिद्दीकी ने जानकारी दी कि रमजान के मुबारक महीने की 29 तारीख को मगरिब की नमाज के बाद दरगाह में हिलाल कमेटी की बैठक हुई थी। कमेटी ने चांद देखने के लिए मोहम्मद सिराजुद्दन और मौलाना जाकिर हुसैन के दल को तारागढ़ पर भेजा था। इस दल में तारागढ़ दरगाह इंतजामिया कमेटी के दारोगा लायक हुसैन भी थे। हिलाल कमेटी ने सूचना दी कि चांद दिखाई नहीं दिया। आसमान में बादल थे। चांद नजर नहीं आया, जिसके चलते ईद-उल-फितर का त्योहार 11 अप्रैल को मनाया जाएगा। बुधवार को चांद रात मानी गई। लिहाजा बुधवार को 30वां और आखिरी रोजा रखा। हिलाल कमेटी के अनुसार देश के किसी हिस्से से ईद-उल-फितर का चांद दिखाई नहीं देने पर ईद 11 अप्रैल को मनाई जाएगी। ईद को लेकर अजमेर जिला प्रशासन ने भी खास इंतजाम किए है। सुरक्षा के बड़े बंदोबस्त किए गए हैं। ईदगाहर केसरगंज में साफ-सफाई और रंगरोगन कर नमाजियों के लिए तैयार किया गया है।

## ध्वजारोहण के साथ चेटीचंड महोत्सव शुरू

**जोधपुर:** सिंधी समाज के आराध्य इष्टदेव भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस चेटीचंड पर्व बुधवार को सूर्यनगरी में धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही आज से तीन दिवसीय महोत्सव भी शुरू हो गए, जिसके तहत कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, सोजती गेट, रातानाडा, बासनी, सरदारपुरा, रसाला रोड, शक्ति नगर, हेमू कालानी चौराहा सहित कई झूलेलाल मंदिरों में ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर शाम को भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सोजती गेट स्थित झूलेलाल मंदिर में तीन दिवसीय चेटीचंड मेला आज सुबह ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री व भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत भी. सोजती गेट स्थित झूलेलाल मंदिर में चेटीचण्ड महोत्सव के अवसर पर शामिल हुए। उन्होंने मन्दिर जाकर भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना की। तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ करने के साथ ही भगवान झूलेलाल के मन्दिर पर ध्वजा चढ़ाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनीषा पंवार, बाबा जयरामदास, राम चांदवानी, संजय चंदीरामानी, भगवान मूरजानी, अशोक गिदवानी, अशोक असनानी, राजकुमार कुन्दनानी सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे। इसके साथ ही कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा भी आज सुबह झूलेलाल मंदिर पहुंचे और झूलेलाल जयंती के पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी।

# सियासत: बिछ रहे ध्रुवीकरण की बिसात

### मुस्लिम वोटों के लिए अपनी-अपनी गोटी सेट करने में जुटे सियासी दल

**सरगर्मी**

8 ऐसे में ब्रज क्षेत्र की लोकसभा सीटों पर मुस्लिम वोटरों की भूमिका अहम मानी जा रही है

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** सियासी बाजी जीतने के लिए हर दांव खेलने की जुगत के तहत सियासी दल अपनी-अपनी गोटी सेट करने में लगे हैं। वोटों के ध्रुवीकरण की बिसात बिछाई जा रही है। ऐसे में ब्रज क्षेत्र की लोकसभा सीटों पर मुस्लिम वोटरों की भूमिका अहम मानी जा रही है। इस बार मुस्लिम वोटों पर सपा, बसपा की नजर है। लोक कल्याणकारी योजनाओं का वास्ता देकर भाजपा भी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। ब्रज क्षेत्र के आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी और एटा लोकसभा सीट पर चुनावी माहौल गरमाने लगा है। मथुरा में दूसरे और अन्य सीटों पर तीसरे चरण में चुनाव है। वोटों के ध्रुवीकरण की जोर आजमाइश शुरू हो चुकी है। आगरा, फिरोजाबाद, एटा और मैनपुरी सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या काफी है। 2019 में सपा और बसपा का गठबंधन था। माना जा रहा है कि तब मुस्लिम वोटर गठबंधन के साथ चले गए थे। इस बार बसपा अकेले दम पर चुनाव मैदान में है। अब बसपा और सपा के बीच मुस्लिम वोटों को लेकर जंग है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि मुस्लिमों के बीच इस बार यही हवा है कि जिस दल का उम्मीदवार भाजपा को हराने की स्थिति में होगा उसके साथ ही चले जाएंगे। फिर चाहे सपा हो या बसपा। वैसे इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है। ब्रज में कांग्रेस का उम्मीदवार सिर्फ मथुरा सीट पर है। शेष सीटों पर सपा के उम्मीदवार हैं।



### सपा ने नाराज मुस्लिम नेताओं को मनाया

ब्रज क्षेत्र में फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। 2019 का चुनाव सपा हार गई थी जबकि 2014 में मोदी लहर में भी सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव जीत गए थे।

प्रोफेसर रामगोपाल यादव के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल है। यही वजह है कि चुनाव की घोषणा से पहले ही सपा नेताओं ने जिले के नाराज मुस्लिम नेताओं को मना लिया। सपा से नाराज होकर बसपा में गए पूर्व विधायक अजीम भाई की पार्टी में वापसी हुई। अजीम भाई की मुस्लिम मतों पर अच्छी पकड़ मानी जाती है। पार्षद कासिम सिद्दकी ने तो अक्षय यादव के खिलाफ मुस्लिम क्षेत्रों में होर्डिंग्स लगवा दिए थे। सपा नेताओं ने आवास पर जाकर उन्हें भी मना लिया।

आगरा सीट के समीकरण की बात करें तो यहां 37 फीसदी वोटर दलित और मुस्लिम ही हैं। आगरा लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा क्षेत्रों में बीएसपी का फोकस मुस्लिम मतदाताओं पर रहेगा। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर यादव और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। करीब दो लाख मुस्लिम मतदाता हैं। यहां मुस्लिम मतदाताओं का रूख ही हार-जीत तय करता है। इस वोट के बिखराव और एकजुट होने की स्थिति में समीकरण बदल जाते हैं। मैनपुरी में माना जाता रहा है कि मुस्लिम मतदाता सपा के पक्ष में जाते हैं। इस बार बसपा ने भी ताकत लगा रखी है। ऐसे में मुस्लिम वोटों का विभाजन होगा या पहले जैसा रूख रहेगा अभी कहना मुश्किल है। एटा लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अनुमानित एक लाख से अधिक बताई जाती है। एटा लोकसभा क्षेत्र में एटा, सकीट, मारहरा, में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अन्य क्षेत्रों से अधिक है। जानकार बताते हैं कि इस सीट पर मुस्लिम भाजपा से मुकाबला करने वाले दल के साथ जाते रहे हैं।

### योजनाओं का वास्ता देकर भाजपा की भी नजर

**मुस्लिम** आबादी को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ खूब मिला है। ब्रज क्षेत्र में बहुत कम मुस्लिम मतदाता ही नौकरीपेशा हैं। अधिकांश छोटे-छोटे रोजगार से जुड़े हैं या कामगार हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मुस्लिम महिलाओं को भी भरपूर मिला है। भाजपा लाभार्थियों को अपना वोट बैंक मान रही है। पिछले चुनाव में मुस्लिम बाहुल्य बूथों पर भी भाजपा को वोट मिले थे। इसके पीछे बड़ी वजह फ्री राशन, आवास योजना और तीन तलाक का मुद्दा बताया गया था। इस बार भी भाजपा की नजर मुस्लिम गढ़ों पर है।

# पीएम मोदी ने देश हित में अनेक बड़े फैसले लिए: सीएम धामी

**वोट की अपील**

8 मुख्यमंत्री धामी ने सोमेश्वर में उम्मीदवार अजय टम्टा के पक्ष में की जनसभा व रोड-शो



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोमेश्वर/अल्मोड़ा:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को लोकसभा अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के सोमेश्वर विधानसभा में विशाल रोड शो और विशाल जनसभा को संबोधित किया। रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी रही। सीएम पुष्कर सिंह धामी रोड शो के बाद रामलीला मैदान पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री धामी का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के देश में प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्व में भारत का डंका बजा है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश हित में अनेक बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के भारत 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना पूरी हो जाएगी। इस दौरान उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री और सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

## 37,018 ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** पूरे भारत समेत उत्तर प्रदेश में 11 अप्रैल को ईद मनायी जाएगी। चैत्र नवरात्रि चल रहे हैं। इसे देखते अलग व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वहीं, ईद के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस की ओर से सुदृढ़ पुलिस प्रबंध किये गए हैं। यूपी के 37,018 ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा होगी। इसके लिए त्योहार रजिस्टर व रजिस्टर नम्बर आठ का अध्ययन कर समस्त परंपरागत कार्यक्रमों को सूचीबद्ध करते हुए कार्य योजना बना ली गयी है। ईद को देखते हुए प्रदेश के समस्त जिलों में 2,912 संवेदनशील स्थान चिन्हित किये गए हैं। इन्हें स्थानों को जोन और सेक्टर के तहत पुलिस व्यवस्था की गयी है।

# प्रेमी के खिलाफ नहीं दिए बयान तो बेटी को गला घोंटा



**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेली: बरेली के भमोरा क्षेत्र में पुलिस** सप्ताहभर से जिस मामले को संदिग्ध मानकर टाल रही थी, उसमें अब प्रेमी की तहरीर पर छात्रा के माता-पिता समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्राथमिक तौर पर गला दबाकर हत्या और अधजला शव रामगंगा में बहाने की बात सामने आ रही है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक परिजन छात्रा से उसके खिलाफ बयान दर्ज कराने पर अड़े थे, जबकि छात्रा इससे मना कर रही थी। बात नहीं मानने पर 27 मार्च की रात छात्रा को उसके पिता, मां, भाई, चाचा व ताऊ ने गला घोंटकर मार दिया। अगले दिन तड़के ही रामगंगा नदी के किनारे उसका अंतिम संस्कार कर दिया। सुबह होने पर आसपास के लोग जुटने लगे तो अधजले शव को रामगंगा में बहा दिया।

**इसलिए की हत्या:** छात्रा एक युवक से प्रेम करती थी। छह महीने पहले रामगंगा किनारे लगे मेले से वह लापता हो गई थी और देर रात अपने घर पहुंची थी। तब तक छात्रा के परिजनों ने इस युवक के खिलाफ बेटी को अगवा करके दुष्कर्म करने की रिपोर्ट करा दी थी। गंभीर धाराओं में रिपोर्ट हुई तो छात्रा ने कोर्ट में बयान दिया कि उसे मतिभ्रम हो गया था। इसमें युवक की कोई गलती नहीं है। इस केस में लगातार तारीख पड़ा रही थी। परिजन चाहते थे कि छात्रा प्रेमी के खिलाफ बयान दे। वह प्रेमी के संपर्क में भी थी। इसलिए परिजनों ने उसकी हत्या कर दी।

**अधजला शव**

8 अब प्रेमी की तहरीर पर छात्रा के माता-पिता समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**पुलिस ने शिकायत को किया दरकिनार:** छात्रा के गायब होने के बाद प्रेमी ने आईजीआरएस पोर्टल पर झूठी शान में हत्या का आरोप लगाकर उसके माता-पिता आदि पर रिपोर्ट कराने की मांग की थी। भमोरा थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस डॉ. ईशान सोनी ने जांच कराई तो पता लगा कि छात्रा का परिवार ताला लगाकर फरार हो गया है। पुलिस को उसी दिन रिपोर्ट दर्ज कर लेनी चाहिए थी लेकिन वे छात्रा के प्रेमी को पकड़कर पूछताछ करने लगे। इससे वह घबरा गया। उसने आरोप वापस लेने की बात कही।

# सिपाही भर्ती पेपर लीक: दूसरा मास्टरमाइंड भी गिरफ्तार

**सफलता**

8 एसटीएफ को उसके पास से तीन प्रश्न पत्र, एक मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव और एक मेट्रो पास बरामद हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कांड के दूसरे मास्टरमाइंड रवि अत्री को यूपी एसटीएफ की टीम ने बुधवार को गौतमबुद्धनगर के थाना जेवर के बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को उसके पास से तीन प्रश्न पत्र, एक मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव और एक मेट्रो पास बरामद हुआ है। रवि अत्री ने सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्रों को ट्रंक बॉक्स खोलकर उसमें से पेपर निकालकर लीक किया था। बता दें कि सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद प्रदेश सरकार ने परीक्षा निरस्त कर दी थी और पूरे मामले की जांच यूपी एसटीएफ को सौंपी गई थीं। मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि मामले का मुख्य आरोपी रवि अत्री जेवर थाना क्षेत्र के बस स्टेशन पर आने वाला है।

# भाजपा सरकार ने मैनपुरी के साथ सौतेला व्यवहार किया: डिंपल यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**मैनपुरी:** मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की प्रत्याशी डिंपल यादव ने बुधवार को चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। किशनी विधान सभा के ग्राम पंचायत इलाबास पहुंच कर सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता यह क्यों नहीं बताते कि सरकार में विकास के नाम पर जिले में क्या किया है। भाजपा सरकार में मैनपुरी के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि इस



बार भी मैनपुरी नेताजी को ही सम्मान देगी। मैनपुरी के लोगों ने नेताजी के विकास को देखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने का काम करती है। जिले में दिखने वाला विकास सपा शासन में ही हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार से हमारे किसान भाईयों को बहुत परेशानी हो रही है। आवारा पशुओं से हमारे किसान भाई परेशान हैं। सरकार ने गौशाला केवल नाम के लिए खोले हैं।

**निशाना साधा**

8 आवारा पशुओं से हमारे किसान भाई परेशान हैं। सरकार ने गौशाला केवल नाम के लिए खोले हैं

## आगरा प्राधिकरण: फिर भी नहीं बिक पाई संपत्तियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** उत्तर प्रदेश के आगरा में आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की फेल योजना शास्त्रीपुरम हाइट्स पर 'ज्यों-ज्यों किया इलाज, मर्ज बढ़ता गया' ये कहावत चरितार्थ हो रही है। इसमें 556 फ्लैट हैं। इन्हें बेचने के लिए एडीए तीन साल से पापड़ बेल रहा है। पहले कीमत घटाई, फिर मुनादी कराई। दिल्ली, जयपुर से इंदौर तक पर्चे बंटवाए। प्रचार पर लाखों रुपये फूंक दिए, लेकिन संपत्तियां नहीं बिक पाईं। शास्त्रीपुरम हाईट्स योजना का 2012 में निर्माण शुरू हुआ।

## मैनपुरी में लोकसभा चुनाव में भी ढहेगा सपा का किला: जयवीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मैनपुरी लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बनाये गये उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि शनिवार और रविवार को जयवीर सिंह को मैनपुरी में ही पायेंगे। मैं हर सप्ताह मैनपुरी में रहता हूं। जनता का काम करता हूं, यहां तक कि आसपास के जनपदों के लोगों का भी काम करता हूं। वहीं सपा के उम्मीदवार डिम्पल यादव को घोषणा होने के बाद मैनपुरी जाना शुरू किया है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जयवीर सिंह ने कहा कि 2012 से 17 के बीच अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे और उस वक्त दंगे, अपराध, फसाद होते थे। जनता के नाम से एक माफीनामा अखिलेश यादव जारी करें और कहें कि दोबारा कभी सत्ता में आयेंगे तो अपने गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं करेंगे। केन्द्रीय नेतृत्व को धन्यवाद करते हुए जयवीर सिंह ने कहा कि हमारे केन्द्रीय नेतृत्व को बार बार धन्यवाद है। विधानसभा चुनाव में सपा का मैनपुरी में किला ढहा था और भाजपा की जीत हुई थी।

# हिमखंड मार्ग खोलने में लगेगा तीन सप्ताह: प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी:** गोमुख जाने के शौकीनों को अभी यहां आने के लिए करीब एक महीने का इंतजार करना पड़ सकता है। गंगोत्री से गोमुख जाने के मार्ग पर भारी हिमखण्ड आने से मार्ग अवरुद्ध है, जिससे गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान की बेदाग प्राकृतिक सुंदरता का आनंद इस बार लोग अप्रैल माह में नहीं ले सकेंगे। गंगोत्री नेशनल पार्क अनुभाग की टीम ने गंगोत्री गोमुख मार्ग पर गश्त कर स्थलीय निरीक्षण किया है। टीम द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त मार्ग पर 6-7 स्थानों पर बड़े-बड़े हिमखण्ड आए हुए हैं। इस कारण मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। इधर गंगोत्री नेशनल पार्क के उपनिदेशक रंगनाथ पांडे ने बताया कि मार्ग जगह-जगह से बाधित है। दोपहर बाद मौसम खराब होने के कारण मजदूरों को काम करने में परेशानी आ रही है। इस कारण मार्ग पर कार्य नही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि मौसम साथ देता है तो करीब तीन सप्ताह में गोमुख मार्ग सही हो सकता है। वर्तमान में गंगोत्री व गोमुख क्षेत्र का मौसम सुबह को बिल्कुल साफ रहता है। लेकिन दोपहर को लगभग 1:30 बजे के बाद मौसम खराब होने लगता है। हर रोज सायं के समय बर्फबारी होने लगती है, जिससे वहां का तापमान भी माइनस में चला जाता है। सुबह मौसम साफ रहने के कारण ग्लेशियर से पत्थर भी गिरने लगते हैं। माइनस तापमान व पत्थर गिरने के कारण उक्त मार्ग पर मजदूरों के लिए कार्य करना जोखिम भरा हो सकता है। मौसम विभाग द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अभी भी एक से दो सप्ताह तक मौसम की यही स्थिति रहने वाली है। रेंजर प्रदीप बिष्ट ने मौके का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह मैं मौसम साफ रहने की उम्मीद है उसके बाद ही मजदूर लगाए जा सकते हैं।

**समयसीमा**

8 गंगोत्री से गोमुख जाने के मार्ग पर भारी हिमखण्ड आने से मार्ग अवरुद्ध है: गंगोत्री नेशनल पार्क अनुभाग

कन्फ्यूजन

### पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद, बिजनौर, मेरठ और बदायूं में प्रत्याशी बदले जा चुके हैं

# रणनीति या दबाव... सपा लगातार बदल रही उम्मीदवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** सपा बार-बार उम्मीदवार बदल रही है। इसके पीछे सपा की कोई रणनीति है या किसी दबाव में ऐसा किया जा रहा है। ये कहना तो अभी मुश्किल है लेकिन सपा के इस कदम से दूसरे दल भी दोबारा गुण भाग करने को मजबूर हो गए हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद, बिजनौर, मेरठ और बदायूं में प्रत्याशी बदले जा चुके हैं। बदायूं और मेरठ में दो-दो बार प्रत्याशी बदले जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में सपा 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा और रालोद से गठबंधन में लड़ी थी। तब सपा को पूरे प्रदेश पांच सीटें मिली थी और



बसपा 10 सीटे जीते में सफल हुई थी जबकि रालोद खाता भी नहीं खोल पाई थी। इस रालोद का भाजपा से गठबंधन हुआ और बसपा अकेली ही मैदान में उतारी है। जबकि सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस को सपा ने उत्तर प्रदेश में 17 सीटें दी हैं। सपा पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद, बिजनौर, मेरठ और बदायूं की सीटों पर अपने प्रत्याशी बदल चुकी है। मुरादाबाद में पहले डॉ. एसटी हसन को प्रत्याशी बनाया गया था। इसके बाद उनका टिकट काटकर रुचि वीरा को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया था। सपा के बार बार प्रत्याशी बदलने से दूसरे दल भी नए समीकरण के हिसाब से तैयारियों में जुट रहे हैं।

**शांति**

8 मुरादाबाद में पहले डॉ. एसटी हसन को प्रत्याशी बनाया गया था। इसके बाद उनका टिकट काटा गया

**मुरादाबाद:** इस सीट पर सपा ने पहले सांसद डॉ. एसटी हसन को प्रत्याशी बनाया था लेकिन नामांकन जमा होने के अंतिम दिन रुचि वीरा को मैदान में उतार दिया था और डॉ. एसटी हसन का टिकट का दिया था। इस सीट पर 2019 में सपा के टिकट पर डॉ. एसटी हसन सांसद चुने गए थे।

**बिजनौर:** सपा ने बिजनौर लोकसभा सीट पर यशवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया गया था लेकिन कुछ दिन बाद ही सपा ने यशवीर सिंह का टिकट काटकर दीपक सैनी को प्रत्याशी बना दिया। दीपक सैनी नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक राम अवतार सैनी के बेटे हैं। बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 में बसपा के टिकट पर मलूक नागर चुनाव जीत कर संसद पहुंचे थे।

# अलवर लोकसभा का सियासी संग्राम तेज, दिग्गज नेताओं ने संभाला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**अलवर:** लोकसभा का सियासी संग्राम अब तेज हो गया है। चुनावी रण में डटे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें अब तेजी से चलने लगी है। महज नौ दिन बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की अब चुनावी रंगत निखरती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी तीनों ही दलों के बड़े नेता अलवर लोकसभा के इस सियासी संग्राम में सभाएं और जनसंपर्क कर अपने प्रत्याशी को मजबूत बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं। एयर कंडीशन में बैठकर ठंडी हवा खाने वाले राजनीतिक दलों के नेता अब अलवर की सड़कों पर अपना पसीना बहा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्रसिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, बसपा सुप्रीमो मायावती, कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी, देश के गृहमंत्री अमित शाह जैसे बड़े दिग्गज अलवर लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को विजय श्री दिलाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगा रहे हैं।

**बड़े दिग्गजों का यह रहेगा शेड्यूल:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई दिग्गज जहां अलवर लोकसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए दौरा कर चुके हैं वहीं आगामी 12 अप्रैल को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, 13 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह, 15 अप्रैल को कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी और 17 अप्रैल को बसपा सुप्रीमो मायावती अलवर लोकसभा के चुनावी रण में अपनी हुंकार भरेंगे।